



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 15 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 14 अक्टूबर 2025 डाक 15 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, दिल्ली कैंट में विकसित भारत बिल्डथॉन-2025 के तहत आयोजित मेगा स्कूल इनोवेशन इवेंट के मौके पर दौरा करते हुए






**देश-विदेश**
टिकट न मिलने पर आगबबूला हुए समर्थक, जन सुराज कार्यालय में की तोड़फोड़, पोस्टर जलाया





**फीचर पेज**
आकांक्षा पुरी का नया गाना जन्नतां नसीब रिलीज

# शर्म से सिर झुक गया, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री के स्वागत पर भड़के जावेद अख्तर



**नईदिल्ली, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मशहूर स्क्रीनराइटर और गीतकार जावेद अख्तर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के भारत दौरे पर हुए स्वागत की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे दुनिया के सबसे खतरनाक आतंकी संगठन के प्रतिनिधि को सम्मान देने वाला कदम बताते हुए शर्मिंदगी जताई। मुत्ताकी 2021 में तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद पहली बार भारत के छह दिवसीय दौरे पर हैं। अख्तर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जब मैं देखता हूं कि आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग तालिबान जैसे संगठन के प्रतिनिधि को सम्मान और स्वागत दे रहे हैं, तो मेरा सिर शर्म से झुक जाता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में स्थित दारुल उलूम देवबंद की भी निंदा की, क्योंकि उसने मुत्तकी का आदरपूर्ण स्वागत किया। दारुल उलूम देवबंद दक्षिण एशिया का एक प्रमुख इस्लामिक सेमिनरी है। अख्तर ने विशेष रूप से देवबंद के रवैये पर सवाल उठाए, जहां मुत्तकी को इस्लामिक हीरो के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह वही तालिबान है, जिसने अफगानिस्तान में लड़कियों की शिक्षा पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया।

अख्तर ने अपने पोस्ट में लिखा, देवबंद को शर्मिंदगी होनी चाहिए कि उन्होंने ऐसे व्यक्ति का स्वागत किया, जो लड़कियों की शिक्षा पर रोक लगाने वालों में से एक है। मेरे भारतीय भाइयों और बहनों, हमारे साथ क्या हो रहा है। मुत्तकी का यह दौरा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तालिबान प्रतिबंध समिति द्वारा उनकी यात्रा प्रतिबंध में छूट दिए जाने के बाद संभव हुआ। मुत्तकी को 25 जनवरी, 2001 को संयुक्त राष्ट्र ने सूचीबद्ध किया था, जिसके तहत उन पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती और हथियारों पर रोक थी।

# नेपाल के बाद इस देश में जेन-जी ने किया तख्तापलट, राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे



**मेडागास्कर, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

नेपाल के बाद अफ्रीकी देश मेडागास्कर में बड़े पैमाने पर जेन-जी सड़कों पर उतर आए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पानी की कमी को लेकर जेन-जी का गुस्सा फूट पड़ा और वो सरकार से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इसी बीच मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना देश छोड़कर भाग गए हैं। मेडागास्कर में नेता प्रतिपक्ष, सेना और विदेशी राजनयिकों ने भी इस खबर की पुष्टि कर दी है। नेपाल के बाद यह दूसरी बार है, जब जेन-जी सत्ता परिवर्तन में कामयाब रहा है। मेडागास्कर में विपक्ष के नेता सितेनी ने बताया कि रविवार को सेना की एक टुकड़ी भी जेन-जी प्रदर्शनकारियों में शामिल हो गई थी, जिसके बाद राष्ट्रपति एंड्री देश से चले गए। राष्ट्रपति के जाने की सूचना मिलने के बाद हमने राष्ट्रपति भवन के स्टाफ को बुलाया था। उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि एंड्री किसी को बिना बताए देश से भाग गए हैं। हालांकि, राष्ट्रपति भवन ने अभी तक इसपर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। देर रात फेसबुक पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वो अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए किसी सुरक्षित जगह पर चले गए हैं। हालांकि, वो कहां हैं। इसका उन्होंने खुलासा नहीं किया है। उनका कहना है कि वो मेडागास्कर को बर्बाद नहीं होने देंगे। सूत्रों के हवाले से बताया कि राष्ट्रपति एंड्री फ्रांस के सैन्य विमान में बैठकर देश से भागे हैं। मेडागास्कर पहले फ्रांस की कॉलोनी थी। हालांकि, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का कहना है कि उन्हें अभी इसकी कोई जानकारी नहीं है। नेपाल और केन्या में जेन-जी आंदोलन को देखते हुए 25 सितंबर को मेडागास्कर के युवाओं ने भी पानी और बिजली की कमी का हवाला देते हुए सरकार पर हल्ला बोल दिया। सेना ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया,जिससे राष्ट्रपति एंड्री की मुश्किलें बढ़ गईं। प्रदर्शनकारी लगातार एंड्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

## नक्सलियों ने की भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**बीजापुर।** जिले से एक और नक्सली वारदात की खबर सामने आई है। मद्देड एरिया कमेटी के नक्सलियों ने भाजपा कार्यकर्ता पूनम सत्यम की हत्या कर दी है।



घटना की जिम्मेदारी खुद नक्सलियों ने ली है। भाजपा के मंडल कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय पूनम सत्यम को नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में मौत के घाट उतार दिया। घटना स्थल से पुलिस को एक पर्चा भी मिला है, जिसमें हत्या की वजहों का उल्लेख करते हुए नक्सलियों ने लिखा है कि काफी दिनों से उसे टारगेट पर रखा गया था, कई बार समझाइश दी गई, लेकिन उसने बात नहीं मानी। पर्चे में मद्देड एरिया कमेटी ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है और इसे जन कार्रवाई बताया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल मौके की ओर रवाना हो गए हैं। इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक पूनम सत्यम भाजपा की मंडल इकाई में सक्रिय था और पिछले कुछ महीनों से पार्टी गतिविधियों में लगातार हिस्सा ले रहा था।

# कृषि विभाग के सहायक निदेशक के चार ठिकानों पर छापा, मचा हड़कंप



**बीदर, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार सुबह एक सरकारी अधिकारी के ठिकानों पर छापेमारी की। कृषि विभाग के सहायक निदेशक धूलप्पा होसले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त अधिकारियों ने उनके चार ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोपों के आधार पर की गई। छापेमारी पुलिस अधीक्षक सिद्धाराजू के मार्गदर्शन और पुलिस उपाधीक्षक हनुमंतराय के नेतृत्व में हुई। धूलप्पा होसले, जो औरद में उनका दूसरा घर, औरद में कृषि विभाग का कार्यालय और बीदर शहर की गुरु नानक कॉलोनी में उनका तीसरा आवास। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने इन जगहों पर गहन जांच की और संदिग्ध दस्तावेजों व संपत्ति की जानकारी जुटाई।

में कृषि विभाग में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं, उनके तीन घरों और एक कार्यालय पर छापे मारे गए। इन ठिकानों में शामिल हैं। भालकी तालुका के करादयाल में उनका आवास, कमलनगर तालुका के मुधोल

# सीएम साय ने डॉ रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई दी



**रायपुर।** सीएम साय ने डॉ रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का 73वां जन्मदिन आज मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्टेट हाई स्कूल में बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर प्रस्तुति देंगे। डॉ. सिंह अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में दो दिनों तक नगर प्रवास पर रहेंगे और अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राजनांदगांव जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने जानकारी दी कि डॉ. रमन सिंह ने अपने समर्थकों से आग्रह किया है कि जन्मदिन के अवसर पर उपहार या बड़े पुष्पगुच्छ न लाएं। शिवनाथ वाटिका में आयोजित सम्मान समारोह में हजारों कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद है। इस दौरान जिला भाजपा और अन्य संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मठपारा स्थित शिवनाथ वाटिका में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें राजनांदगांव सहित अन्य जिलों के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इस समारोह में प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव भी उपस्थित रहेंगे।

# पीओके से कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## सुरक्षाबलों की फायरिंग में दो आतंकी ढेर



**श्रीनगर, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

उत्तरी कश्मीर के नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर मच्छल (कुपवाड़ा) सेक्टर में सोमवार को सेना के जवानों ने घुसपैठ के एक प्रयास को नाकाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, सेना की इस कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए हैं। मौजूदा समय में भी तलाशी अभियान जारी है। यह घटना इलाके के कमकाडी क्षेत्र में हुई। सूत्रों ने बताया कि एलओसी पर गश्त कर रहे जवानों ने शाम करीब सात बजे कुछ हथियारबंद तत्वों को गुलाम जम्मू कश्मीर की ओर से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते देखा। जवानों ने तुरंत आस-पास की चौकियों को सूचित किया और अपनी स्थिति मजबूत की। जैसे ही घुसपैठियों का दल एलओसी पार करने लगा तो जवानों ने उन्हें ललकारा। इस पर घुसपैठियों ने भागने का प्रयास किया और जवानों का ध्यान भटकाने के लिए गोलीबारी की।

भारतीय जवानों ने भी जवाबी फायर किया। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच लगभग 40 मिनट तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। जब आतंकियों की ओर से गोलीबारी बंद हुई, तो जवानों ने भी जवाबी फायर रोक दिया। जवानों ने गोलीबारी वाले क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया, जो देर रात से जारी है।

# मशहूर फलस्तीनी इंफ्लुएंसर की गाजा हिंसा में मौत

## 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले का मनाया था जश्न



**गाजा।** फलस्तीन के जाने-माने प्रदर्शनकारी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की हत्या कर दी गई। मिस्टर फाफो के नाम से मशहूर इंफ्लुएंसर की पहचान 27 वर्षीय सालेह-अल-जफरावी के रूप में हुई है। गाजा में हमास और फलस्तीनी गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें सालेह की मौत हो गई। सालेह Mr.FAFO के नाम मशहूर था। बीते दिनों उसने इजरायली मीडिया में भी खूब सूर्खियां बटोरीं थीं। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया था, जिसमें 1200 के लगभग लोग मारे गए थे और हमास ने कई इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया था। इस हमले को 2 साल पूरे होने पर 7 अक्टूबर 2025 को सालेह ने खूब जश्न मनाया था।

# छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत पर डब्ल्यूएचओ सख्त इन तीन सीरप को लेकर जारी की चेतावनी

**छिंदवाड़ा, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दूषित कफ सीरप के बारे में एक एडवाइजरी जारी की है। इसके साथ ही अधिकारियों से आग्रह किया है कि अपने देशों में इन दवाओं के पाए जाने की सूचना स्वास्थ्य एजेंसी को दें। दरअसल, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ कफ सीरप के सेवन से 23 नवजात बच्चों की जान गई है। इसके बाद इस कफ सीरप को भारत में कई राज्यों की सरकार ने बैन कर दिया है। इस जानलेवा कफ सीरप को लेकर डब्ल्यूएचओ ने खुद संज्ञान लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि भावित दवाएं श्रीसन फार्मास्युटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ के




विशिष्ट बैच हैं। स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि दूषित उत्पाद गंभीर जोखिम पैदा करते हैं। इसके साथ ही गंभीर संभावित रूप से जानलेवा बीमारी का कारण भी बन सकते हैं। वहीं, भारत के स्वास्थ्य प्राधिकरण, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को बताया कि सीरप का सेवन कथित तौर से पांच साल से कम उम्र के बच्चों ने किया था। बताया गया कि इस खांसी की दवा में विषाक्त डयथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से करीब 500 गुना अधिक थी।

# पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे ट्रंप, पीछे खड़े शहबाज शरीफ से पूछ लिया ये सवाल



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने मिस्र के गाजा शांति शिखर सम्मेलन में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। इस बीच उन्होंने पीछे खड़े पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ओर से सवालिया लहजे में कहा कि भारत और पाकिस्तान अच्छे से एक साथ रह सकते हैं। ट्रंप के इस सवाल से पाकिस्तानी प्रधानमंत्री झेंप गए। ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की वकालत करते हुए दोनों देशों के लिए शांति का रास्ता अपनाने की बात कही। हालांकि, ट्रंप का दावा है कि उन्होंने मई में भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान युद्धविराम करवाया। लेकिन भारत ने बार-बार इस दावे को खारिज किया है।भारत का कहना है कि यह युद्धविराम द्विपक्षीय बातचीत से हुआ था, न कि किसी बाहरी हस्तक्षेप से हुआ था। ट्रंप ने हाल ही में यह भी दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों पर 200त्न तक टैरिफ की धमकी देकर 24 घंटे में तनाव खत्म करवाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिस्र के शर्म अल-शेख में आयोजित गाजा शांति शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने इस आयोजन में हिस्सा नहीं लिया। इसके बजाय, भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह को भेजा गया। ट्रंप के दावों और शरीफ की सिफारिशों के बावजूद, भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट रखी है कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी समझौता या युद्धविराम द्विपक्षीय बातचीत का परिणाम है।

# भाषण बंद करें, खुद को आईना में देखें निशिकांत दुबे ने यूएन में पाकिस्तान को सुनाया



**नईदिल्ली, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

भारत ने एक बार फिर से भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में बाल अधिकारों के गंभीर उल्लंघन और सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को घेरा। दरअसल, 80वें UNGA सत्र बोलते हुए निशिकांत दुबे ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारत की आतंकवाद विरोधी कार्रवाई को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि ये बच्चों की सुरक्षा के लिए वैध और आवश्यक प्रतिक्रिया बताया। सांसद पीपी चौधरी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल दुबे ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बाल एवं सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) एजेंडे का सबसे गंभीर उल्लंघनकर्ता बना हुआ है। अपने संबोधन के दौरान निशिकांत दुबे ने सीएएसी पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की 2025 की रिपोर्ट का हवाला दिया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान की सीमा पार आतंकवाद, गोलाबारी और हवाई हमलों की भूमिका को उजागर किया।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# बीजापुर में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद



**बीजापुर।** ताड़पाला बेस कैंप से कोबरा 206, सीआरपीएफ 229, 153 और 196 और बीजापुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने केजीएच तलहटी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाई गई भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। 51 जीवित बीजीएल, एचटी एल्यूमीनियम तार के 100 बंडल, 50 स्टील पाइप (बीजीएल निर्माण के लिए, बड़ी मात्रा में बिजली के तार, 20 लोहे की चादरें और 40 लोहे की प्लेटें बरामद की गईं। तलाशी अभियान के दौरान, नक्सलियों द्वारा लगाए गए पांच प्रेशर आईईडी भी बरामद किए गए और सुरक्षा बलों द्वारा निष्क्रिय कर दिए गए।



## महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया जंक फूड जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, कोरबा के मार्गदर्शन में जिले में जंक फूड जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों/पौष्टिक खाद्य पदार्थ के उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक किया गया। जिसके तहत बच्चों के लिये पौष्टिक भोजन एवं स्वच्छता पर चित्रकला एवं कटपुतली नाच का आयोजन किया गया। पोषण वाटिका से संबंधित गतिविधि कराई गई। फल, सब्जी आदि से संबंधित फैंसी ड्रेस/चित्रकारी/स्थानीय स्तर पर खिलौना निर्माण गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए परिवारों में पोषण संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। पौष्टिक पूरक खाद्य पदार्थो के लिये रेसिपी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं संतुलित भोजन पर सामुहिक प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया, पोषण स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम जैसे साइकिल रैली, प्रभात फेरी , पैदल यात्रा की गई। पोषण माह के समापन पर जनजागरूकता गतिविधि का आयोजन तथा ग्राम पंचायत स्तरीय पर पौष्टिक आहार एवं संतुलित भोजन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई । जिसमे मोटापे के समाधान के लिये चीनी और तेल के लिये खपत को कम करने तथा स्थानीयता को बढावा देने की समझाईश दी गई। संबंधित विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य सभी सहयोगी संस्था के साथ समन्वय कर गतिविधियों का आयोजन किया गया।



## पहाड़ी कोरवा मंझनीन बाई अब आती है अस्पताल, जिन्दगी हुई खुशहाल

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ के घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बसे कोरबा जिले से एक प्रेरक कहानी सामने आई है – यह कहानी है पहाड़ी कोरवा जनजाति समाज की श्रीमती मंझनीन बाई की, जिन्हें लोग राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र की प्रतिनिधि के रूप में जानते हैं।कोरबा ब्लाक के ग्राम टोकाभांठा के मंझनीन बाई का जीवन संघर्षों से भरा रहा। वे एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं जहाँ जंगल ही जीवन का सहारा था। वन उपज एकत्र कर ही उनका परिवार गुज़ारा करता था। शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी थी, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कक्षा दसवीं तक अध्ययन पूरा किया। यही पढ़ाई आगे चलकर उनके जीवन में परिवर्तन की कुंजी बनी।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन कोरबा ने डीएमएफ फंड के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित परिवारों को रोजगार से जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम उठाया। इसी पहल के अंतर्गत मंझनीन बाई को ग्राम अज़गरबहार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में मानदेय आधार पर नियुक्ति दी गई। उनके पति श्री किनारे लाल, जो स्वयं दसवीं पास हैं, को भी इसी योजना के तहत पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के हाई स्कूल एतमानगर में भृत्य के पद पर नियुक्ति मिली। अब दोनों पति-पत्नी आत्मनिर्भर हैं और अपने बच्चों व परिवार के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ रहे हैं। अब वह नियमित अस्पताल आती है। यहां नौकरी ने उनकी जिन्दगी में खुशहाली ला दी है। मंझनीन बाई बताती हैंपहले हमारा जीवन बहुत कठिन था। जंगलों में वनोपज पर निर्भर रहना पड़ता था। रोज़ी-रोटी की चिंता हमेशा बनी रहती थी। लेकिन अब जब हमें नौकरी मिली है, तो जीवन में स्थिरता और सम्मान दोनों आए हैं। दो साल से काम कर रही हूँ, और अब भविष्य के प्रति विश्वास बढ़ गया है। उनके परिवार में माता-पिता, पाँच बहनें और दो भाई हैं।



## खेल हमें जीवन में बहुत कुछ सिखाता है, खेल से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा : उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ के उर्जाधानी कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में प्रदेश सरकार के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन द्वारा दीप प्रज्वलित कर 25वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, नगर पालिक निगम महापौर कोरबा श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह गौरव की बात है कि इस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के मेजबानी की जिम्मेदारी कोरबा जिले को पुनः मिली है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खेल हमें जीवन मे बहुत कुछ सिखाता है, खेल में हार जीत लगा रहता है, इसमें निराश होने की जरूरत नही है, बल्कि अपनी गलतियों एवं कमियों को सुधार कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा है कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिससे शारीरिक के साथ ही बौद्धिक विकास भी होता है। खेल से हम स्पर्धा, समर्पण, मेहनत और टीम भावना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से अलग अलग क्षेत्रो के लोगों को एक दूसरे की संस्कृति, रीति रिवाजों से परिचित होने व जुड़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि आप सभी यहां से एक सुखद यादें एवं अनुभव लेकर जाएंगे जो जीवन पर्यन्त आपके काम आएंगी। मंत्री श्री देवांगन ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी देश का आने वाला कल है। शिक्षा के साथ साथ खेल एवं अन्य विधाओं में आगे बढ़ने का सभी प्रयास करते रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए

# राष्ट्रीय सेवकों का पथ संचलन में स्वागत के लिए फूलों की वर्षा की गई

**कटघोरा ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का विजयदशमी पर्व 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पूरे देश में मनाया जा रहा है विजयदशमी पर्व के अंतर्गत कटघोरा में 12 अक्टूबर को कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल डागा एवं अध्यक्षता गोपाल प्रसाद उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने कहा है कि स्वयं को राष्ट्र का एक घटक मानकर समाज के बीच संघ कार्य का विस्तार 6 चरण में संघ ने तय किया है, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण, हिन्दू सम्मेलन इत्यादि के माध्यम से संघ कार्य को गति देना है, स्वयं सेवक का गणवेश केवल कपड़ों का रूप नहीं, बल्कि जीवन का दृष्टिकोण और सेवा का संकल्प है। गणवेश पहनना स्वयंसेवक को यह याद दिलाता है कि वह व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक सेवा का प्रतिनिधि है।अनुशासन, एकता और समर्पण का प्रतीकजाति, वर्ग और भाषा से ऊपर राष्ट्र के लिए समर्पण,छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज और देशहित में योगदानसंघ के अनुसार, संघ कार्य साधना का प्रतीक है, जो हर शाखा, हर प्रणाम और हर कदम में जीवंत रहता है। यह स्वयंसेवक को केवल दर्शक नहीं रहने देता, बल्कि उसे राष्ट्र निर्माण का सक्रिय भागीदार बनाता है।संघ ने युवाओं को आह्वान किया है कि एक सामान्य व्यक्ति राष्ट्र के लिए क्या कर सकता है, तो शाखा में आकर ही पता चलता है।सैकड़ो राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का पथ संचलन बैंड बाजा के साथ संपन्न हुआ। पथ संचलन के समय जगह जगह फुल से वर्षा किया गया जिसमें संस्कार भारती इकाई कटघोरा,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,



भाजपा, श्रेय महिला समूह,अग्रवाल समाज,जायसवाल समाज,ब्राह्मण समाज, शिक्षक वर्ग,व्यापारी वर्ग,स्कूली बच्चे भी शामिल रहे।पथ संचलन को देखने के लिए गली मोहल्ले में सभी जाती वर्ग के लोग बाहर निकल गए।जगह जगह उन लोगों का स्वागत किया गया।पुलिस की कड़ी व्यवस्था किया गया था। आने जाने वाले वाहनों के लिए वन वे मार्ग किया गया था।

कार्यक्रम में भूपेंद्र वर्मा, अनुराग तिवारी,मनोज नायडू, डॉ गोपाल गोस्वामी , शिवशंकर जायसवाल, डाकेस्वर शुक्ला, सत्यम जायसवाल, मयंक कुमार, किशन केशरवानी,दिलीप शर्मा, रामशंकर पटेल, जे एस मानसर,अशोक राठौर, , पी एन योगी,राजकुमार यादव,कन्हैया यादव, देव वैष्णव शिव साहू का अथक सहयोग रहा।

## हाथियों से परेशान किसान, विधायक फूल सिंह राठिया ने उठाई आवाज फसल नुकसान और मुआवजा

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूल सिंह राठिया ने क्षेत्र के किसानों को जंगली हाथियों द्वारा हो रहे फसल नुकसान को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस संदर्भ में उन्होंने कलेक्टर कोरबा को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों के लिए मुआवजा राशि में वृद्धि की मांग की है।



विधायक राठिया ने पत्र में उल्लेख किया है कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों में पिछले कुछ समय से हाथियों का दल सक्रिय है, जिसके चलते किसानों की खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे ग्रामीणों को आर्थिक हानि के साथ-साथ भय का माहौल भी बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर सर्वे कराकर नुकसान का आकलन किया जाए तथा प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ ?50,000 (रुपये पचास हजार) की दर से मुआवजा राशि प्रदान की जाए।राठिया ने कहा कि कृषक हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। हाथियों के हमले से फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे गरीब किसान अत्यंत संकट में हैं। ऐसे समय में प्रशासन को संवेदनशीलता दिखाते हुए उचित मुआवजा देना चाहिए। इस संबंध में विधायक द्वारा वन विभाग को भी प्रतिलिपि भेजी गई है ताकि क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों पर नियंत्रण और प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## ग्राम, विकासखंड, जिला एवं राज्य स्तरीय करमा महोत्सव का आयोजन

**कोरबा ।** आदिम जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जनजाति जनसंख्या एवं उनकी विविधता की दृष्टि स एक महत्वपूर्ण राज्य होने के फलस्वरूप जनजाति समुदायों द्वारा मनाये जाने वाले उत्सवों-त्यौहारों में करमा उत्सव को करमा महोत्सव-2025 मनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# एनटीपीसी कोरबा में इंटक का शक्ति प्रदर्शन

**कोरबा, ।** एनटीपीसी कोरबा में राष्ट्रीय ताप विद्युत कर्मचारी संघ (इंटक) ने रविवार को एक विशिष्ट आमसभा का आयोजन किया, जिसमें इंटक के सेंट्रल लीडर बाबर सलीम पाशा, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेशाध्यक्ष संजय कुमार सिंह तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.सी. खुटिया के सानिध्य में कार्यकर्ताओं और सदस्यों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह सभा आगामी 15 अक्टूबर 2025 को होने वाले प्रतिनिधि यूनियन चुनाव और कर्मचारियों से जुड़े समसामयिक विषयों पर केंद्रित रही, जिसमें इंटक नेताओं ने कर्मचारियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाते हुए उनके भविष्य को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

सभा की शुरुआत में संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अक्टूबर 2022 में कर्मचारियों ने जिस भरोसे और विश्वास से इंटक को समर्थन दिया था, संगठन ने उसे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाया है। इंटक का मानना है कि यह चुनाव किसी व्यक्ति की हार या जीत का नहीं बल्कि कर्मचारियों के भविष्य के निर्धारण का चुनाव है। आने वाला वर्ष 2027 पे रिविजन का वर्ष होगा और इसके लिए ऐसा नेतृत्व चाहिए जो अनुभवी, सक्षम और कर्मचारियों की जरूरतों को गहराई से समझने वाला हो।

इंटक नेताओं ने अपने भाषणों में विपक्षी यूनियनों की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न तो नेतृत्व की स्थिरता है और न ही अनुभव की परिपक्वता। 2013 में जब विपक्षी गुटों को कोरबा की सत्ता मिली थी, तब अनुभवहीनता और कमजोर निर्णय क्षमता के कारण उन्होंने श्रमिक शिक्षा कार्यक्रम बंद करवा दिए, जनरेशन इंसेंटिव रोक दिए, फैमिली प्लानिंग के दो इंक्रीमेंट बंद करा दिए, ओटी को सी-ऑफ में बदलने का प्रयास किया और पर्सनल इन्टाइटिल जैसी सुविधाएँ समाप्त करवा दीं। इतना ही नहीं, 2019 में दोबारा सत्ता मिलने पर उन्होंने चांपा बस सेवा बंद कर दी, छ्ज्ञ-2016 बैच के पे फिक्सेशन का विरोध किया, बोनस और एम्सग्रेसिया को घटाया तथा शिफ्ट रोटा पर कर्मचारियों के हितों की रक्षा के बजाय प्रबंधन का साथ दिया।

सभा में यह भी कहा गया कि जब में शिफ्ट व्यवस्था बंद कर दी गई और कर्मचारियों को जनरल ड्यूटी में बदला गया, तब ये विपक्षी गुट हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे, एक विरोध तक नहीं किया बल्कि उल्टे प्रबंधन के फैसले को सही ठहराने लगे। यही नहीं, जिनके समर्थन से बनी सरकार श्रमिकों के अधिकारों को समाप्त करने पर तुली है, उन विपक्षी गुटों ने उसके खिलाफ एक बार भी आवाज नहीं उठाई। देशभर में जब श्रम कानूनों को खत्म कर 44 अधिनियमों की जगह चार कोड बिल लाए गए, तब इंटक सहित सभी प्रमुख यूनियनों ने 12 बार देशव्यापी हड़ताल की, लेकिन ये विपक्षी गुट एक बार भी शामिल नहीं हुए। इससे स्पष्ट है कि विपक्षी संगठन कर्मचारी हितों की रक्षा नहीं करते बल्कि सरकार और प्रबंधन के पक्ष में काम करते हैं।

सभा में इंटक नेतृत्व ने अपनी उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख किया। बताया गया कि 2022 से 2025 के अपने कार्यकाल में इंटक यूनियन ने कर्मचारियों के हित में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इंटक ने शिफ्ट रोटा की लड़ाई जीतकर कर्मचारियों को जनरल शिफ्ट पंचिंग व्यवस्था से मुक्त कराया, कर्मचारियों को उनकी पसंद के अनुसार बी-टाइप क्वार्टर दिलवाए, नया कल्याण मंडपम बनवाया, सभी कार्यस्थलों पर एसी, वाटर कूलर और स्वच्छ टॉयलेट की व्यवस्था कराई। कॉलोनी के आवासों का रिनोवेशन कराया गया जिसमें वेस्टर्न टॉयलेट लगाए गए। ईपीएस 95 पेंशन लागू कराने के लिए निरंतर प्रयास किए गए। रिटायरमेंट दिवस पर ट्री प्लांटेशन की नई परंपरा शुरू की गई, कर्मचारियों के लिए नया मेडिकल बुक (क्कक्रस्र) बनवाया गया, स्पोर्ट्स काउंसिल के माध्यम से खेल जैकेट का वितरण हुआ और सेफ्टी सेक्शन से इंडक्शन हीटर व हेलमेट की व्यवस्था की गई। सिल्वर जुबली पार्क में वॉकिंग ट्रैक का निर्माण हुआ, बिलासपुर के लिए एसी बस सेवा शुरू की गई, टाउनशिप में ऊर्जा द्वार, मार्केट और गेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार कराया गया और मानसरोवर में हाईमास्ट लाइट लगाई गई।

इंटक यूनियन ने सेंट्रल स्तर पर भी अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। सेंट्रल नेतृत्व की मजबूत पकड़ और अनुभव के कारण एनबीसी में इंटक सबसे बड़ा मेजारिटी यूनियन बना है। इंटक ने 2017 में कर्मचारियों के लिए बेहतर पे रिविजन दिलवाया,-2016, 2017 और 2018 बैच के कर्मचारियों को पे बेनिफिट दिलवाया, पीआरपी को फिक्स प्रतिशत में सुनिश्चित कराया, कई कर्मचारियों को सस्पेंशन से वापस बुलवाया, ग्रुप इंश्योरेंस राशि में वृद्धि करवाई, लैपटॉप और फर्नीचर बायबैक योजना दिलाई, मृत कर्मचारियों के परिवारों को आवास, चिकित्सा और शिक्षा सुविधाएँ दिलवाई और श्व1 परीक्षा को पुनः प्रारंभ करवाया।

सभा के अंत में इंटक नेताओं ने कर्मचारियों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी व्यक्ति की विदाई या सम्मान का नहीं, बल्कि आने वाले कल का चुनाव है। यह उन कर्मचारियों के भविष्य का निर्णय है जो आने वाले वर्षों में एनटीपीसी की सेवा में रहेंगे और जिनका पे रिविजन 2027 में होना है। इसलिए प्रत्येक कर्मचारी को ऐसे अनुभवी और कर्मठ संगठन का चयन करना चाहिए जो उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ सके, उनकी जरूरतों को समझ सके और प्रबंधन के सामने उनकी आवाज़ बुलंद कर सके।

सभा के अंत में जब पूरा पंडाल हक के लिए लड़ो, इंटक के साथ चलो के नारों से गूंज उठा, तो यह स्पष्ट हो गया कि एनटीपीसी कोरबा में कर्मचारियों का भरोसा और विश्वास एक बार फिर इंटक यूनियन के पक्ष में मज़बूती से खड़ा है।

# सचिवों की हड़ताल अब 15 अक्टूबर को

**कोरबा।** कोरबा जिला के अनेक पंचायतों में विकास कम राजनीति ज्यादा हावी है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ की कोरबा जिला इकाई सचिवों के संबंध में होने वाली शिकायतों और मामले सामने आने पर की जारी रही प्रशासनिक कार्रवाई तथा तबादला को अनुचित ठहराते हुए आंदोलन के मूड में है। जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर ने 13 अक्टूबर को आंदोलन का ऐलान किया था लेकिन इसे अब खिसका कर 15 अक्टूबर कर दिया गया है। कोरबा जिले से स्थानांतरित किए गए उपसंचालक पंचायत मोहनीश को भारमुक्त करने की मांग इन्होंने जोर-जोर से की है।

इस बार कलेक्टर को सौंपे आवेदन में इनका आरोप है कि जिला पंचायत मे प्रभारी उप संचालक मोहनीश आनंद देवांगन का स्थानान्तरण पिछले माह सूरजपुर जिला पंचायत में हो गया है, स्थानान्तरण होने के बाद भी मोहनीश आनंद देवांगन पद पर बने हुये हैं। इनके द्वारा स्थानांतरण होने के बाद से सचिवों का स्थानान्तरण मनमाने तरीके से नियम विरूद्ध किया गया है जिससे हम सभी सचिव साथी मानसिक रूप् से प्रताड़ित हो रहे हैं। इनके अल्प कार्यकाल में कोरबा जिला के अनेक ब्लाको से चिन्हांकित कर सचिवों का स्थानांतरण किया गया। इनके इस तरह के गतिविधि से त्रस्त होकर सचिव संगठन जिला कोरबा इनको अविलम्ब कोरबा जिला से भारमुक्त करने की मांग करता है। भारमुक्त नहीं करने की स्थिति में सचिव संगठन द्वारा 15 अक्टूबर को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।कलेक्टर से निवेदन किया गया है कि मोहनीश आनंद देवांगन, प्रभारी उप संचालक जिला पंचायत कोरबा को तत्काल भारमुक्त करने की कृपा करें।

पंचायत सचिव संघ जिला इकाई के द्वारा दिए गए इस पत्र के बाद सचिवों में ही इस बात को लेकर बात तैर रही है कि आखिर मोहनीश देवांगन को लेकर सचिव संघ इतना परेशान क्यों है, जबकि इससे पहले पदस्थ रहीं सुश्री जूली तिर्की को तबादला होने के कई महीने बाद भी रिलीव नहीं किया गया था और वह तबादला अवधि में ही यहां रहकर चुनाव का निपटारा तक करा दीं। उस वक्त पंचायत सचिव संघ की जिला इकाई आखिर कहां थी? क्या सचिव संघ इस तरह के दोहरे मापदंड का रवैया अपनाता है कि एक अधिकारी के तबादला उपरांत भी महीनों तक जमे रहने पर आवाज नहीं उठाता और वर्तमान प्रभारी संचालक जिसे कि भार मुक्त करना प्रशासन का काम है, उसे लेकर हड़ताल और दबाव बनाने की राजनीति हो रही है। आखिर, इस सब के पीछे सचिव संघ की मंशा क्या है या फिर कुछ पदाधिकारी मिलकर दबाव बनाने की रणनीति में विश्वास रखते हैं

# दिव्यांगजन संघ का सम्मेलन संपन्न

## रोजगार के साथ प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का लिया निर्णय



कोरबा छत्तीसगढ़ सशक्त दिव्यांगजन संघ का सम्मेलन सीटू कार्यालय कोरबा में आयोजित हुआ सम्मेलन में मुख्य अतिथि सीटू के राज्य उप महासचिव वी एम मनोहर थे। सम्मेलन में सीटू के राज्य अध्यक्ष एस एन बैनर्जी उपस्थित थे।सम्मेलन की अध्यक्षता पन्नालाल बांधे ने की उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनो को रोजगार में प्राथमिकता मिले एवं खदानों में काम के दौरान दुर्घटना में शिकार हुए दिव्यांगजनो को उसी खदानों में काम पे रखा जाए जिससे उनके आगे का जीवन चल सके। इसी के साथ दिव्यांगजनो को कई प्रकार से आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता है और शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिव्यांगजनो को प्राथमिकता के आधार पर आवास योजना का लाभ मिल सके। संघ के महासचिव संतोष बंजारे ने महासचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई जिसका सभी ने समर्थन किया। संघ के सचिव प्रदीप चंद्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।सम्मेलन के अंत में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा कर दिव्यांगजनो की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित गुप्ता,सुखेंदु घोष,राजेश नागराज,धनंजय चंद्रा,रामाधार चंद्रा,जी डी महंत उपस्थित थे।

## देश के उत्थान मे पिछड़ा वर्ग का महत्वपूर्ण

**कोरबा ।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत् कोरबा जिला पर्यवेक्षक डॉ.आर सी खुटिया ने कोरबा जिले के कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग का देश के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान है, जिसमें राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है । छत्तीसगढ़ के विकास एवं उत्थान में भी ओबीसी वर्ग के योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र में भी ओबीसी वर्ग के लोग सर्वाधिक है ।

देश के सविंधान के माध्यम से पिछड़े वर्गों के उत्थान के प्रावधान शामिल है । वहीं सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान निर्धारित है । डॉ आर सी खुटिया ने कहा कि ओबीसी वर्ग के लोग अपने व्यवसाय एवं शिक्षा में महत्वपूर्ण प्रगति किया है ।डॉ. खुटिया ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी में पुर्नगठन के लिए एआईसीसी ने उन्हें कोरबा जिले के दोनां संगठन जिला ग्रामीण एवं शहर के लिए पर्यवेक्षक बनाकर यहां भेजा है, जिसके तहत् हमने 5 अक्टूबर से अब तक जिला कांग्रेस ग्रामीण, जिला कांग्रेस शहर, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयुआई, इंटक, अल्पसंख्यक, आदिवासी कांग्रेस, एससी कांग्रेस, एसटी कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सहित कोरबा शहर के चार ब्लॉक कमेटी एवं ग्रामीण के 11 ब्लॉक कमेटियों की बैठक लेकर वन टू वन अलग - अलग नेताओं से उनके राय जाना है । आज अंतिम दिन हमने ग्रामीण के 11 उम्मीदवार एवं शहर के 15 उम्मीदवारों से अलग - अलग मुलाकात कर उनके विचार जानने का प्रयास किया है। हमने जाना कि उन्हें अध्यक्ष नियुक्त क्यों करना चाहिए और अगर नियुक्त करते हैं तो वे कांग्रेस पार्टी के लिए किस प्रकार कार्य करेंगे।


ग्रामीण से मनोज चौहान पाली, विकास सिंह बांकीमोंगरा, प्रभा तंवर रलिया, अशोक सिंह करतला, योगेन्द्र सोनकर तानाखार, गोपाल यादव हरदीबाजार, हरकुमारी बरपाली, डोमिन मेंहदी पटियापाली, संतोषी सोनी चिकनीपाली, सूरज दास मानिकपुरी दीपका एवं मुरली महंत हरदीबाजार वहीं शहर से नत्थुलाल यादव, रेखा त्रिपाठी, राकेश पंकज, बी एन सिंह, मुकेश राठौर, अर्चना उपाध्याय, पालूराम साहू, सपना चौहान, सुनील जैन, अभय तिवारी, मस्तुल कंवर, महेश अग्रवाल, दिनेश सोनी, के पी चंद्रवंशी एवं प्रशांत सिंह ने आवेदन जमा किया है।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना: उजाले से उपजता आत्मविश्वास'

**कोरबा ।** भारत आज ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐसी क्रांति का नेतृत्व कर रहा है, जो न केवल वर्तमान की जरूरतों को पूरा कर रही है, बल्कि आने वाले दशकों के लिए एक स्थायी और स्वच्छ भविष्य की नींव भी रख रही है। हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए ठोस कदम अब केवल नीतियों की पंक्तियों में नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में चमकते उजालों में दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आरंभ की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना इसी परिवर्तन की एक अद्भुत मिसाल है। यह योजना भारत के हर नागरिक को सूरज की असीम ऊर्जा से जोड़कर एक ऐसा भविष्य गढ़ रही है, जहाँ हर घर ऊर्जा का उत्पादक बने और हर नागरिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक। इस योजना का मूल विचार सरल, परंतु अत्यंत प्रभावशाली है हर घर की छत पर सौर ऊर्जा, हर परिवार में बचत और स्वावलंबन।

भारत जैसे सूर्य-प्रधान देश में जहाँ वर्षभर पर्याप्त धूप उपलब्ध रहती है, वहाँ सौर ऊर्जा केवल विकल्प नहीं, बल्कि अवसर है। इस अवसर को साकार रूप देने के लिए भारत सरकार ने सशक्त तकनीकी, वित्तीय सहायता और पारदर्शी प्रक्रिया का समावेश किया है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत नागरिकों को अपनी छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। इससे न केवल बिजली की आवश्यकताएँ पूर्ण हो रही हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड में





भेजकर आमदनी का भी रास्ता खुल रहा है। योजना का यह स्वरूप नागरिकों को उपभोक्ता से उत्पादक की भूमिका में लाता है। यह बदलाव न केवल व्यक्तिगत स्तर पर राहत देता है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। आज भारत के अनेक शहरों और गांवों में यह योजना लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुकी है। कोरबा जैसे औद्योगिक क्षेत्र में, जहाँ पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की पहचान रही है, अब सूरज की रोशनी ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा का नया अध्याय रच दिया है। यहाँ के नागरिक न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त बन रहे हैं। कोरबा जिले के दो परिवारों श्री आयुष अग्रवाल और श्री अजय राज बेन की कहानियाँ इस योजना की सफलता को जीवंत रूप से दर्शाती हैं। दोनों की परिस्थितियाँ भले ही अलग रही हों, लेकिन दोनों ने सूरज की शक्ति से अपनी दुनिया को नया उजाला दिया है। श्री आयुष अग्रवाल कोरबा के डीडीएम रोड पर रहते हैं। उनका संयुक्त परिवार है, जहाँ आधुनिक घरेलू उपकरणों की जरूरतें अधिक हैं। पहले उन्हें हर महीने बिजली के बढ़ते खर्च को लेकर चिंता रहती थी। फिर उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी मिली, और उन्होंने इस अवसर को अपनाने का निर्णय लिया। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह सरल और पारदर्शी रही। जिला प्रशासन और ऊर्जा विभाग के मार्गदर्शन से कुछ ही समय में उनके घर की छत पर सोलर पैनल लग गए। आज उनके घर में सूरज की रोशनी से चलने वाले पंखे, कूलर, फ्रिज और ए.सी. सब सहजता से काम कर रहे हैं। अब बिजली बिल लगभग आधा हो गया है और वही पैसा बचत के रूप में परिवार की आर्थिक स्थिरता को बढ़ा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा अब हमें सूरज की हर किरण में बचत नजर आती है। हर महीने की चिंता अब गर्व में बदल गई है। वे बताते हैं कि योजना की प्रक्रिया आसान थी और सरकार की ओर से मिली तकनीकी सहायता ने पूरे अनुभव को भरोसेमंद बनाया। आज उनका परिवार पूरी तरह सौर ऊर्जा पर निर्भर है और पर्यावरण संरक्षण में भी सक्रिय योगदान दे रहा है।

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



## पूर्वजों के नाम पर दीपावली को मुक्तिधाम में रौशनी

**सक्ती।** दीपावली पर जहां हर घर दीपों से जगमगाता है, वहीं श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार सक्ती ने एक नई परंपरा की शुरुआत की है। मंदिर परिवार के सदस्य पिछले दो वर्षों से नगर के सार्वजनिक मुक्तिधाम व समीप स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में दीपावली की रात 9 बजे अपने पितरों की स्मृति में दीप प्रज्वलित कर आतिशबाजी व पुष्पांजलि अर्पित करते आ रहे हैं। अब इस मुहिम को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से मंदिर परिवार ने नगरवासियों से अपील की है कि हर घर से कम से कम एक दीपक (घी या तेल का) साथ लाकर इस सामूहिक दीपदान कार्यक्रम में शामिल हों। सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे रात 9 बजे दोनों मुक्तिधाम पहुंचकर दीप जलाएं, फुलझड़ी जलाकर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस पहल का उद्देश्य न केवल पितरों को सम्मान देना है, बल्कि एक सामाजिक जागरूकता भी है कि दीपावली का उजाला केवल घरों तक सीमित न रहे, बल्कि उन स्थानों तक भी पहुंचे, जहां से हम सबका संबंध आत्मिक रूप से जुड़ा है। श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार चाहता है कि यह परंपरा सिर्फ सक्ती ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ व भारतवर्ष में शुरू हो, जिससे हर वर्ष बड़ी दीपावली पर मुक्तिधामों में दीप जलाकर पितरों को नमन करने की एक सुंदर सांस्कृतिक परंपरा स्थापित हो सके।

# अधिकारी ने स्कूल में सीमित छात्रों को पाया, हुए नाराज



फाईल फोटो

**जांजगीर।** जिले में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय क्रमांक 02 जांजगीर का निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके बाद नवीन पूर्व माध्यमिक शाला दर्री का निरीक्षण किया गया, जहां बच्चों की उपस्थिति में कमी पाई गई।

41 विद्यार्थियों में से केवल 25 ही उपस्थित थे। शिक्षकों को निर्देश दिए गए कि वे पालकों से संपर्क कर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। मध्यान्ह भोजन में चावल, दाल, भात और लौकी की सब्जी बनाई जा रही थी, परंतु खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। शिक्षिका रोशनी पाण्डेय और रामसिंह राठौर क्लास में नहीं मिले तो उन्हें चेतावनी दी गई वे तय समय में अपने क्लास में लेकर अध्ययन कराएं। जिले के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय भवनों पर अधिकारियों का नाम, पदनाम और शाला का समय अंकित करें। शासकीय हाईस्कूल घुठिया में निरीक्षण के दौरान 31 में 20 छात्र उपस्थित मिले।

मिडिल स्कूल घुठिया में सभी पांच शिक्षक उपस्थित मिले। बच्चों से संवाद कर पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने हेतु नियमित निरीक्षण जारी रखने की बात कही। इस दौरान सहायक संचालक राजकुमार तिवारी भी उपस्थित थे।

## आर्थिक रूप से कमजोर पीड़ितों को दिया अनाज

**जांजगीर।** ग्राम पंचायत केरा में लकवे से ग्रसित समारू सतनामी और उसके परिवार को



संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम के तहत राहत सामग्री दी गई। समारू करीब 14 वर्षों से कमर से नीचे पैर से निष्क्रिय है और परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। परिवार में पत्नी सौरीन बाई और दो बच्चे रीना व सिमरन हैं। पत्नी मजदूरी कर परिवार चलाने की कोशिश करती हैं, लेकिन स्थिति दयनीय बनी हुई है।

अन्नपूर्णा मुहिम के तहत इस परिवार को चावल, दाल, आलू, प्याज, तेल, आचार, दूध पाउडर, शक्कर, साबुन, मसाले समेत एक चारपाई, दो कुर्सी, एक स्टैंड पंखा, दो चादर, कपड़े, दो मच्छरदानी और बच्चों की पढ़ाई के लिए कापी-पेन आदि दी गईं। संत रामपाल महाराज के निर्देशानुसार जब तक परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरती नहीं, तब तक उन्हें मुफ्त राहत सामग्री मिलती रहेगी। इस मुहिम के तहत छत्तीसगढ़ बस्तर, हरियाणा, पंजाब समेत कई राज्यों के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

## जोखिम मोल लेने से पीछे नहीं है मालवाहक चालक



**जांजगीर।** सरकारी नियमों के बावजूद मेटाडोर, छोटा हाथी, पिकअप, ट्रैक्टर और ट्रक जैसे मालवाहक वाहनों में धड़ल्ले से सवारी ढोई जा रही है। नियम के अनुसार इन वाहनों में केवल दो लोगों को बैठाने की अनुमति है। इसके बावजूद बारात, छठी जैसे निजी कार्यक्रमों और मजदूरों की आवाजाही में 25 से 50 लोग तक बैठाए जा रहे हैं। जिले में पहले भी ऐसे हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद न तो परिवहन विभाग सतर्क है और न ही पुलिस कोई सख्ती कर रही है। भास्कर की जांच में सामने आया कि हाईवे से लेकर शहर की सड़कों तक मालवाहकों का सबसे ज्यादा उपयोग सवारी ढोने में हो रहा है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए चर्चा होती है।

## व्यापारी सेवा समिति ने शिवतराई में बैगा परिवारों के साथ मनाई दिवाली, बांटे उपहार

**राहौद।** दीपावली के मौके पर व्यापारी सेवा समिति, राहौद ने एक खास पहल करते हुए दीपावली मूल निवासियों के संग अभियान चलाया। समिति के सदस्य कोटा विधानसभा के ग्राम शिवतराई और अचानकमार जंगल क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने बैगा जनजाति के परिवारों के साथ दीपावली मनाई। समिति ने वहां के लोगों को मिठाइयां, नए कपड़े और उपहार बांटे।

महिलाओं को साड़ियां, लड़कियों को सलवार-सूट, पुरुषों को पैंट-कमीज, बच्चों को चॉकलेट और खिलौने दिए गए। बच्चों के चेहरे की मुस्कान और गांव में जलते दीपक का दृश्य बहुत ही सुखद और भावुक कर देने वाला था। यह कार्यक्रम बैगा समाज के प्रमुख अंजोर सिंह बैगा और समारु सिंह बैगा की उपस्थिति में हुआ। स्थानीय लोगों ने समिति के इस काम की सराहना की और कहा कि इस तरह की मदद से उन्हें खुशी और सम्मान महसूस होता है। समिति के सदस्यों ने कहा कि यह सिर्फ एक सेवा कार्य नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्ग को साथ लेकर चलने की एक कोशिश है। व्यापारी सेवा समिति की इस पहल को लोगों ने सच्ची दीपावली कहा।





## सरकारी योजना से बनाई गौ शाला, पर भुगतान नहीं

**रायगढ़।** पतरापाली गांव में दो भाई उदय नाथ माहतो और प्रफुल्ल कुमार माहतो ने सरकारी योजना के तहत गौ शाला का निर्माण करवाया है। वर्षों बाद भी उन्हें सरकार द्वारा तय धनराशि प्रदान नहीं की गई। दोनों भाइयों ने पिछले साल दिसंबर महीने में जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से जिला कलेक्टर के समक्ष शिकायत दर्ज करवाई। उत्तर में प्रखंड विकास अधिकारी ने जनवरी को कलेक्टर के समक्ष यह जबाब दाखिल कर? दिया गया की समाधान कर दिया गया है। दोनों को उनका पैसा दिया जाएगा। इसमें उदय को दो दिनों में पैसे देने की बात कही गई थी। अब तक दोनों भाइयों को राशि नहीं मिली है।

# रेलवे क्रासिंग पर घंटों जाम की स्थिति ने परेशान किया लोगों को



**जांजगीर।** जिला मुख्यालय के सिवनी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज न होने से लोग घंटों जाम में फंस रहे हैं। त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। इससे इस क्षेत्र का यातायात पूरी तरह चरमरा गया है। जाम की समस्या इतनी गंभीर हो गई है कि लोगों को कुछ ही किलोमीटर का सफर तय करने में आधा से एक घंटा लग जाता है। यहां हर रोज बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। यह सरखों, सिवनी, बलौदा, कोरबा, कन्हाईबंद जाने वाला मुख्य मार्ग है। इसी रास्ते से होकर ग्रामीणों और स्कूली छात्राओं को हर रोज गुजरना होता है। इसके कारण उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नैला रेलवे फाटक लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहा है। लेकिन अब त्योहारों के मौसम में हालात और भी बिगड़ गए हैं।

ट्रेनों की लगातार आवाजाही के कारण फाटक बार-बार बंद हो जाता है। फाटक खुलते ही सभी वाहन चालक एक साथ निकलने की कोशिश करते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। इस स्थिति से निपटने के लिए लोगों की मांग है कि नैला में जल्द से जल्द ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए ताकि इस स्थायी समस्या का समाधान हो सके।

## 11 हजार डस्टबिन का उपयोग किया जाएगा कचरा उठाव में

**जांजगीर।** नगर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में काम शुरू हो रहा है। इसके लिए शासन द्वारा टाइड ग्रांट( ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) योजना अंतर्गत 95 लाख 70 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

इस राशि से नगर में आधुनिक मशीनें और सफाई संसाधन जुटाकर कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाया जाएगा। योजना के तहत नगर के अलग-अलग जगहों पर तीन हाइड्रोलिक प्लास्टिक बेलिंग मशीनें लगाई जाएंगी। इन मशीनों की मदद से एकत्रित प्लास्टिक कचरे को कंप्रेश कर फिर से उपयोग योग्य बनाया जाएगा। इस कार्य पर करीब 15 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

बेलिंग मशीनों के लगने से प्लास्टिक कचरे का निपटारा आसान हो जाएगा और नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा आने वाले समय में शहर 27 वार्डों से घर-घर कचरा संग्रहण के लिए 11 हजार 286 डस्टबिन खरीदे जाएंगे। इन्हें घरों में वितरित किया जाएगा। इनमें गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन होंगे, जिससे स्रोत पर ही कचरे का अलग किया जा सकेगा।

घरों से कचरा इकट्ठा करने 15 ई-रिक्शा खरीदी जाएगी शहर का दायरा हर साल बढ़ रहा है। शहर को साफ रखने में नगर पालिका के पास जो संसाधन हैं वे पर्याप्त नहीं है। घर तक कचरा लेने वाले नहीं पहुंचे की शिकायत रहती है। लेकिन अब टाइड ग्रांट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत 52 लाख रुपए से 15 ई-रिक्शा खरीदी की जाएगी। 15 ई-रिक्शा से शहर के वार्डों के घरों से कचरा कलेक्शन किया जाएगा।

## नूनदरहा के ग्रामीणों ने कोल ब्लॉक के लिए जमीन देने से किया इनकार, ज्ञापन

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत नूनदरहा के ग्रामीणों ने सोमवार को बनाई कोल ब्लाक के लिए भू-अर्जन का विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने भू-अर्जन को निरस्त करने की मांग की है।

साथ ही यह भी कहा है कि वे किसी भी कंपनी को अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं। ज्ञापन में बताया किया गया है कि बनाई कोल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत नूनदरहा की भूमि को अधिग्रहण प्रस्ताव में शामिल किया गया है। 10 वर्ष पहले एनटीपीसी और जेएसडब्ल्यू की ओर से भी इसी क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण का प्रयास किया गया था। 24 मार्च 2025 को जिंदल पावर लिमिटेड को बनाई और भालूमुड़ा कोल ब्लॉक की ओपन कास्ट माइनिंग के लिए आबंटन मिला था। इसके बाद से ग्रामीणों और किसान अपनी जमीन जेपीएल कंपनी या किसी भी गैर कंपनी को नहीं देना चाहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की ओर से भू-अर्जन लगाया गया है साथ ही जमीन से जुड़े सभी कामों पर रोक लगा दी गई। खरीदी-बिक्री के साथ-साथ किसान अपनी जमीन का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

# भगवान शिव-पार्वती विवाह और गणेश-कुमार कार्तिकेय के जन्म की कथा सुनाई

**जांजगीर।** पामगढ़ विकासखंड के बनारी में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठवें दिन व्यासपीठ से व्यास आचार्य पंडित मनोज पांडेय ने भक्तों को भगवान शिव-पार्वती विवाह और गणेश-कुमार कार्तिकेय के जन्म की दिव्य कथा से भाव-विभोर कर दिया।

आचार्य पांडेय ने कहा कि शिवजी परब्रह्म स्वरूप हैं। सनातन धर्म में एकेश्वरवाद की परंपरा है, जिसमें ब्रह्म एक ही है, परंतु उसकी पांच शक्तियां विष्णु, सूर्य, शक्ति, गणेश और शिव सगुण रूप में प्रकट होती हैं।ये सभी शक्तियां सृष्टि के संचालन में समर्थ हैं। भगवान शिव का परिवार अत्यंत विलक्षण है, जिसमें ब्रह्म के छह स्वरूपों में से चार स्वरूप—शिव, पार्वती, गणेश और कार्तिकेय एक ही परिवार में समाहित हैं।

कथा में उन्होंने गणेश और कार्तिकेय की परिक्रमा प्रतियोगिता की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान शिव ने शर्त रखी कि, जो पहले पृथ्वी की परिक्रमा कर लौटेगा, उसी का विवाह पहले होगा। भगवान कार्तिकेय तुरंत अपने वाहन मयूर पर सवार





होकर निकल पड़े, जबकि भगवान ने माता-पिता को एक शिला पर बिठाकर उनकी सात परिक्रमा की और कहा, कि माता-पिता की परिक्रमा करना पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के बराबर है। उनकी श्रद्धा और समझदारी से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने गणेश का विवाह पहले करवा दिया। आचार्य पांडेय ने श्रोताओं से कहा कि माता-पिता ही घर के प्रत्यक्ष देवता हैं। यदि वे दुखी या उपेक्षित हैं तो कोई भी धार्मिक कार्य या तीर्थयात्रा फलदायी नहीं होती।

इसलिए हमें अपने माता-पिता की सेवा को सर्वोपरि रखना चाहिए। इस मौके पर मुकेश मां आशा कृष्णकांत सहित तिवारी परिवार के जगदीश, विजय, सत्यप्रकाश, राकेश, रमाकांत, कमलकांत, दीपक तिवारी, माधव प्रसाद पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनमोहन दुबे, रामेश्वर साव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में कुल 62 आवेदन हुए प्राप्त

**जांजगीर।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन पर अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के दुरस्थ स्थलों से आए लोगों की शिकायत और समस्याओं को सुना। जनदर्शन में 62 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर उपस्थित थे।

## मछुआरा समाज ने फीशरी कॉलेज की मांग रखी

**जांजगीर।** मछुआरा समाज की बैठक में समाज का कल्याण , उत्थान और मछुआरा समितियों की समस्या को लेकर विशेष चर्चा की गई। नवीन धीवर द्वारा बैठक के विषय मछुआरा समाज के विकास के लिए जिला मुख्यालय- जांजगीर में मछुआरा सदन, फीशरी कॉलेज और स्वर्गीय प्रदीप धीवर के स्मृति में होने वाले मैराथन दौड़, रंगोली प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में भक्त गुहा निषादराज और काल वीर कालू बाबा की जयंती व शोभायात्रा निकालने पर चर्चा करते हुए सहमति बनी। इस अवसर पर भरत लाल धीवर, आरएल धीवर, देवब्रत आदित्य, हरिहर आदित्य , राकेश कहरा , केशव कटकवार,किरण कुमार आदित्य सहित समाज के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## भूरे रंग की हाफ टी शर्ट वालों को नहीं मिला प्रवेश, बगैर शर्ट के दी परीक्षा

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग में वार्ड बॉय और वार्ड आया के 100 पदों पर भर्ती के लिए रविवार को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने परीक्षा ली। बिलासपुर में इसके लिए 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे सीएमडी कॉलेज स्थित केंद्र में प्रवेश के दौरान सख्त चेकिंग की गई।

कोरबा से आए विनय सागर ने भूरे रंग का हाफ टी शर्ट पहना था, उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। इस पर विनय ने शर्ट उतारकर नंगे बदन परीक्षा दी।

# पात्र छात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं: गोस्वामी



**बाराद्वार।** शासकीय कॉलेज नगरदा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एपी गोस्वामी ने किया। उन्होंने कहा जिन विद्यार्थियों का अभी तक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं जुड़वा हैं, वे अपने गांव के बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं।

डॉ. अमित कुमार तिवारी ने युवाओं को निश्चित रूप से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया और साथ ही मतदान का महत्व के बारे में उदाहरण द्वारा समझाए। मतदान करना क्यों जरूरी है उसको विभिन्न भारत में घटित घटना और विभिन्न कहानियों के माध्यम से रोचक पूर्वक विद्यार्थियों को बताएं। इससे विद्यार्थी बहुत प्रभावित हुए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मुन्ना सिदार ने सभी नए विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में रोचक घटनाओं के माध्यम से बताया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से अपना जिम्मेदारी निभाई। इसके अंतर्गत मतदाता जागरूकता गीत, कविता व स्लोगन में गंगा प्रसाद, अनुराग जायसवाल भाषण प्रतियोगिता में गरिमा पटेल, अनुराग जायसवाल चित्रकला में धीरज कुमार, ज्योति केवट, भूमि साहू, प्रीति कुमारी, रंजीत बंजारे, नागेश्वर कुर्रे, रंगोली प्रतियोगिता में संगीता साहू, अंजलि, हुमेश्वरी, ममता कंवर, रिया कंवर, गरिमा पटेल, भूमि साहू, सौम्या देवांगन, निबंध प्रतियोगिता में ममता कंवर, वर्षा राठौर, गौतम, सत्यम सहित अन्य विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी मुन्ना सिदार ने बताया कि सभी अलग-अलग विधाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर के उत्साहित किया जाएगा।

इस मौके पर आशीष दुबे, डॉ. जीवन खूंटे, संतराम पटेल, सुनीता कसेर, कुसमिला कुजूर, मनोज राठौर, विवेक अग्रवाल, दूजे राम चौहान, आनंदकुमार, जयप्रकाश सहित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों में नेहा, निकिता, अनुराग नितेश, नागेश्वर, भूमि, भारती सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# यूथ आईकॉन वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी होंगे सफलता संकल्प उत्सव 2025 के मुख्य अतिथि

## मेधावी छात्रों, समाजसेवियों और प्रेरक संस्थाओं का भव्य सम्मान समारोह 16 अक्टूबर को

**जांजगीर।** हरि लीला ट्रस्ट, बनारी (जांजगीर-नैला) द्वारा आयोजित ꖦसफलता संकल्प उत्सव 2025 का भव्य आयोजन आगामी 16 अक्टूबर (गुरुवार) को होटल ड्रीम पॉइंट, जांजगीर में अपराह्न 4 बजे से किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे प्रदेश सरकार के वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी, जिन्हें युवा प्रेरणा और उत्कृष्ट नेतृत्व के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े करेंगी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा नारायण चंदेल, कलेक्टर जन्मजय महोबे तथा पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों, संस्थाओं एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

हरि लीला ट्रस्ट द्वारा आयोजित ꖦसामान्य ज्ञान प्रतियोगिता - महापरीक्षा अभियान के मुख्य परीक्षा के चैंपियन और विद्यालय स्तरीय विजेताओं जनरल नॉलेज चैंपियन साथ ही 10वीं एवं 12वीं में 90





प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेधावी छात्र सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेरणा सम्मान की श्रेणी में राज्यपाल/राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, समाजसेवी संस्थाएँ, राष्ट्रीय खिलाड़ी, भूतपूर्व सैनिक, कवि-रचनाकार, रक्तदान संगठन, धार्मिक समितियाँ, खेल संघ पदाधिकारी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

हरि लीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने बताया कि यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, सेवा भावना और सफलता की प्रेरणा जगाने का अभियान है। इस मंच के माध्यम से युवा पीढ़ी में राष्ट्रनिर्माण की भावना को प्रोत्साहित किया

## जहाँ मुस्कुराए बच्चे, वहीं सजी असली दीपावली :एसजे ऋटीम ने आदिवासी अंचलों में बांटी खुशियां

**सक्ती।** दीपावली से पूर्व SJR टीम कटघोरा/सक्ती ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों के बीच खुशियां बाँटी। टीम ने रेनकोल, घूईचूहा, बुढ़नपुर,पनारी, रिवापाली स्कूलों में जाकर बच्चों को मिठाई, फटाके, दिया-बाती, तेल, लाई, पताशा आदि सामग्री वितरित की।

इस सेवा कार्य में जब बच्चों को दीपावली का उपहार मिला तो उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह झलक उठा। बच्चों की मुस्कान देखकर उपस्थित सभी सदस्यों ने कहा — असली दीपावली तो वही है जहाँ किसी के जीवन में रोशनी फैलाई जाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राहुल अग्रवाल (प्रियंका), कालू (रघुनाथ), शुभम अग्रवाल (ठेकेदार), सौरभ उपाध्याय, रिटायर्ड कृषि अधिकारी रोशन पटेल,जितेंद्र साहू तथा सहयोगी दानदाताओं नटराज होटल से (मिठाई) और अमन गर्ग (जयभगवान) तेल का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने में पिंटू राठौर, गप्पू राठौर, मनोज यादव, हितेश राठौर(पोरथा), सौरभ उपाध्याय, रवि चंद्रोशा, शिल्पा चंद्रा, भुवन राठौर(सरहर) गोविंद जांगड़े,राजेश देवांगन,सोनू, का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।SJR टीम के द्वारा सर्वत्र रम्यते सेवा व परोपकार के संकल्प की भावना से यह कार्य किया गया। टीम ने कहा कि -किसी के जीवन में मुस्कान लाना ही हमारी सबसे बड़ी दीपावली है।



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 03 माचाडोली (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

आदेश क्र. 2574/व.ले.लि./2025-26 माचाडोली, दिनांक 08.10.25

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर का पत्र क्र. 4263705/निविदा प्रकोष्ठ/2025/2431 (T.C.) नवा रायपुर, दिनांक 01.10.2025 के अनुपालन में इस कार्यालय की निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 27.06.2025 सिस्टम नं. 170985 (प्रथम आमंत्रण) मिनीमाता बांगो बाध माचाडोली के स्पीलवे ट्रीटमेंट का कार्य (बॉक नं.19 से 30) की अनुमोदित राशि रू. 953.59 लाख कार्य के लिये आमंत्रित की गई निविदा में 03 निविदाकारों से ऑनलाईन प्राप्त दस्तावेज परीक्षणोपरांत प्रतिस्पर्धाओं में अयोग्य पाया गया है।

अतः निविदायें निरस्त की जाती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 03**
**माचाडोली (छ.ग.)**

जी-252604122/7

## अनमोल वचन......

भले ही आप कपड़े पहनने में लापरवाही है पर अपनी आत्मा को दुरुस्त रखिए।

# तालिबान का ऐसा रुतबा!

मुत्ताकी ऐसी सरकार के विदेश मंत्री हैं, जिसे आज भी ज्यादातर देशों की मान्यता हासिल नहीं है। वे अपने देश के कायदे यहां लागू करना चाहें और कामयाब हो जाएं, तो उस पर आक्रोश ही जताया जा सकता है! यह अपने वर्तमान और भारत की विदेश नीति पर एक प्रतिकूल टिप्पणी है। संभवतः अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर मुत्ताकी ने इच्छा जताई कि नई दिल्ली में उनकी प्रेस कांफ्रेंस में महिला पत्रकारों को ना बुलाया जाए और भारत सरकार ने उसे पूरा किया! मुत्ताकी ऐसी सरकार के विदेश मंत्री हैं, जिसे आज भी ज्यादातर देशों की मान्यता हासिल नहीं है। वे अपने देश के 'तालिबानी' कायदे नई दिल्ली में लागू करना चाहें और उसमें कामयाब हो जाएं, तो उस पर आक्रोश जताने के अलावा और क्या किया जा सकता है! फिर देवबंद यात्रा के दौरान मुत्ताकी को देखने के लिए जिस तरह हजारों का हुजूम उमड़ पड़ा, वह भी कोई कम अफसोसनाक नज़ारा नहीं था। वहां आए लोग टीवी रिपोर्टरों से कहते सुने गए कि मुत्ताकी वह हस्ती हैं, जिनके संगठन ने दुनिया की दो महाशक्तियों (सोवियत संघ और अमेरिका) को पराजित कर दिया। उनके इस मॉडल की कभी यहां भी जरूरत पड़ सकती है (अगर किसी विदेश ताकत ने हम पर हमला किया तो)। उधर नई दिल्ली की प्रेस कांफ्रेंस में मुत्ताकी भारत को यह सलाह दे गए कि वह अटारी- वाघा बॉर्डर को राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक नजरिए से देखे और उसे खोल दे, क्योंकि भारत- अफगानिस्तान के बीच व्यापार का वह सबसे छोटा रास्ता है। इसी तरह उन्होंने कहा कि भारत और अफगानिस्तान को मिल कर चाबहार बंदरगाह के विकास के रास्ते की रुकावटें दूर करनी चाहिए और इसके लिए दोनों को मिल कर अमेरिका और ईरान से बात करनी चाहिए।

मौजूदा भारतीय विदेश नीति के नजरिए से ये बातें कहां फिट बैठती हैं, इस सहज समझा जा सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि मुत्ताकी की यात्रा से ठीक पहले भारत ने मॉस्को कंसल्टेशन ग्रुप के उस साझा बयान पर दस्तखत किया, जिसमें बागराम एयरपोर्ट को फिर से अमेरिकी कब्जे में लेने के डॉनल्ड ट्रंप के इरादे को अस्वीकार किया गया है। तालिबान सरकार पर भारत इतना मेहरबान क्यों है, इसे समझना आसान नहीं है। बेशक अफगानिस्तान में भारत के रणनीति हित हैं, लेकिन क्या उन्हें उन्हें साधने की शर्त तालिबान की इस हद तक मिज़ाजपुर्सी है।

# समावेशी विकास का उत्तराखंड मॉडल

//एस. सुनील//

**भारत में विकास के कई मॉडल की चर्चा होती है। सबकी अपनी खूबियां हैं और अपने अपने राज्य के हिसाब से उनका महत्व और उपयोगिता है। आमतौर पर विकास के मॉडल के तौर पर बड़े राज्यों की चर्चा की जाती है, जिनका सकल घरेलू उत्पाद बहुत बड़ा होता है या जहां औद्योगिकरण की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। छोटे और पहाड़ी राज्य ऐसी चर्चा से बाहर हो जाते हैं। परंतु पिछले कुछ वर्षों में विकास के एक मॉडल के तौर उत्तराखंड का उदय एक बड़ी परिघटना है। मुश्किल पारिस्थितिकी और निरंतर प्रकृति की मार झेल रहे उत्तराखंड ने समावेशी विकास का एक नया मॉडल विकसित किया है।**

वहां धर्म और न्याय के साथ विकास का क्रम चल रहा है। वैसे भी उत्तराखंड देवभूमि है, जहां 'कंकड़ कंकड़ शंकर है'। कदम कदम पर तीर्थ हैं और पवित्र भूमि है। शंकराचार्य का स्थापित किया हुआ बद्रीनाथ धाम है तो सबसे जाग्रत महादेव का केदारनाथ मंदिर भी है। पूरे देश के चार धामों में से एक धाम उत्तराखंड में है तो इसका अपना चार धाम भी है। बद्रीनाथ, केदारनाथ के अलावा गंगोत्री और यमुनोत्री भी हैं। आदि शंकराचार्य ने उत्तर से दक्षिण को जोड़ने के लिए रामेश्वरम और बद्रीनाथ धाम की स्थापना की थी। उत्तराखंड से लोग गंगा जल लेकर रामेश्वर जाते हैं तो रामेश्वरम से लोग बद्रीनाथ और केदारनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। यह अनोखी विशेषता इस राज्य को एक अलग पहचान देती है। परंतु पिछले कुछ वर्षों में श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने उत्तराखंड की प्रगति को नई दिशा और नए आयाम दिए हैं। उन्होंने एक सतत और टिकाऊ विकास का अपना स्वदेशी मॉडल विकसित किया है। इसमें तीर्थाटन की अर्थव्यवस्था को विकसित करना एक आयाम है तो प्राकृतिक संसाधनों के जरिए राज्य के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास एक दूसरा आयाम है। राज्य सरकार ने प्रकृति और पारिस्थितिकी का संरक्षण करते हुए उद्योग धंधे विकसित करने के नए प्रयास भी किए हैं। समावेशी, टिकाऊ और पारिस्थितिकी से संतुलन के साथ विकास की गति बढ़ाने के लिए श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने अलग अलग उद्योग समूहों के साथ 3.56 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्तावों के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें से एक लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। सरकार की ओर से आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव में मिले प्रस्तावों को तत्परता के साथ धरातल पर उतारा जाता है। सरकार ने आर्थिक प्रबंधन के मामले में अपनी श्रेणी के ज्यादातर राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। आधिकारिक आंकडों के मुताबिक आर्थिक प्रबंधन के मामले में छोटे राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर है। उससे आगे सिर्फ गोवा है।

उत्तराखंड की श्री पुष्कर सिंह धामी सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि राज्य का वार्षिक बजट एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो गया है। राज्य के आकार और आबादी को देखते हुए यह एक बड़ा मील का पत्थर है। राज्य सरकार ने पारिस्थितिकी के साथ संतुलन बनाते हुए हरिद्वार, पंतनगर, सितारगंज और कोटद्वार में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया है। इसके अलावा काशीपुर में एरोमा पार्क और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर भी विकसित किया गया है। सरकार खुरपिया फार्म को स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित कर रही है। राज्य सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के अनुरूप लघु, सूक्ष्म व मझोले उद्यमों यानी एमएसएमई को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां लागू की हैं। सरकार 50 नए एमएसएमई कलस्टर बना रही है और साथ ही स्टार्टअप की नई नीति लेकर आई है। उद्योग धंधों के विकास के साथ साथ सरकार लॉजिस्टिक्स पर भी काम कर रही है ताकि राज्य में आने वाले उद्योग समूहों को किसी किस्म की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने औद्योगिक व आर्थिक विकास के साथ साथ सामाजिक व मानव विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया है। उन्होंने समाज के वंचित व हाशिए पर के समूहों को मुख्यधारा में लाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और हर उम्र वर्ग के नागरिकों को उसकी आवश्यकता के अनुरूप सेवाएं उपलब्ध कराने की अनेक योजनाएं शुरू की हैं। उत्तराखंड में सरकार ने पेंशन पाने वाले बुजुर्गों के लिए घर पर ही वेरिफिकेशन की सुविधा दी है। इसी तरह वृद्ध व निःशक्त जनों के लिए भी अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के माध्यम से 1.64 लाख से अधिक मातृशक्ति को सशक्त बनाने का कदम उठाया गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की कड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ महिलाओं को प्रोत्साहित कर रही है। किसानों को तीन लाख और महिला स्वंय सहायता समूहों यानी एसएचजी को पांच लाख रुपए तक ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने नव प्रसूता के लिए महालक्ष्मी किट की योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रसव के बाद मां और नवजात शिशु को पोषण व स्वच्छता का सामान प्रदान किया जाता है। इस किट में शिशु के लिए सूती टोपी, जुराब, लंगोटी, तौलिया, शिशु साबुन, रबर शीट, कंबल, टीकाकरण कार्ड जैसी चीजें शामिल होती हैं। इसके माध्यम से नव प्रसूता और बच्चे दोनों की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याण की समस्त योजनाओं को बेहद प्रभावी तरीके से उत्तराखंड में लागू किया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से प्रदेश के 60 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत राज्य के नौ लाख से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना में लगभग 55 हजार गरीबों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में तेज़ी से कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 18,602 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए गए हैं। आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक व मानव विकास के साथ साथ उत्तराखंड की सरकार सनातन के संरक्षण और भारत के सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा व संवर्धन के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। यह अनायास नहीं है कि समान नागरिक कानून लागू करने वाला सबसे पहला राज्य उत्तराखंड बना। उत्तराखंड की श्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्ति न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई और उस कमेटी की अनुशंसा के आधार पर समान नागरिक कानून बनाया गया। अब उत्तराखंड के बनाए कानून के अनुरूप ही देश के दूसरे राज्यों में समान नागरिक कानून का मसौदा बनाया जा रहा है। उत्तराखंड को ही भारतीय जनता पार्टी के सबसे पुराना वादों में से एक यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी यूसीसी लागू करने का सौभाग्य मिला।

राज्य की धामी सरकार उत्तराखंड में जनसंख्या संरचना बदलने के प्रत्यक्ष व परोक्ष षड़यंत्रों को रोकने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। देवभूमि होने के बावजूद पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही थी। पहाड़ों में अनेक प्रकार के जिहाद देखने को मिल रहे हैं। कुछ समय पहले ही 'नकल जिहाद' सामने आया, जिसमें भर्ती परीक्षा का पेपर लीक किया गया था। मुख्यमंत्री ने इससे सख्ती से निपटने की घोषणा की। ऐसे ही कुछ समय पहले दो मुस्लिम युवक पकड़े गए थे, जो खाने की चीजों में थूक मिला रहे थे। इस 'थूक जिहाद' से निपटने के लिए धामी सरकार ने खाने पीने की दुकानों को नियंत्रित करने का सख्त कानून लागू किया है। सरकार ने 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' को प्रभावी तरीके से रोकने के भी कई कदम उठाए हैं। धामी सरकार ने अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 को मंजूरी दी है, जिसके तहत राज्य के सभी मदरसों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद से संबद्ध होना अनिवार्य किया गया है। इस तरह अवैध मदरसों पर शिकंजा कसा गया है और राज्य के अलग अलग हिस्सों में ढाई सौ से अधिक मदरसे सील किए गए हैं। एक साजिश के तहत जनसंख्या संरचना बदलने का प्रयास कितना सांस्थायिक हो गया है इसकी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री माननीय अमित शाह ने स्वंय दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके कार्यालय ने आंकडों के साथ इसकी जानकारी दी है। श्री अमित शाह के कार्यालय ने लिखा हैः

भारत में आजादी के बाद हुई जनगणनाओं मेंज.

1951 में हिंदू 84.1 प्रतिशत, मुस्लिम 9.8 प्रतिशत

1971 में हिंदू 82.72 प्रतिशत, मुस्लिम 11 प्रतिशत

1991 में हिंदू 81 प्रतिशत, मुस्लिम 12.12 प्रतिशत

2001 में हिंदू 80.5 प्रतिशत, मुस्लिम 13.4 प्रतिशत

2011 में हिंदू 79 प्रतिशत, मुस्लिम 14.2 प्रतिशत

और वही वृद्धि दर की बात करें तोः

2001-2011 में हिंदू जनसंख्या में वृद्धि दर 16.8 प्रतिशत थी और मुस्लिम आबादी 24.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी।

1951 से लेकर 2011 तक जनसंख्या वृद्धि दर में जो असमानता दिखती है उसका प्रमुख कारण 'घुसपैठ' है। घुसपैठ की वजह से और जनसंख्या वृद्धि दर के कारण, उत्तराखंड में भी जनसंख्या संरचना तेजी से बदल रही थी। श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने इसे रोकने का प्रयास गंभीरता से किया है। उनकी सरकार ने धर्मांतरण विरोधी सख्त कानून पारित कराया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी 13.95 फीसदी यानी लगभग 14 फीसदी हो गई है। उत्तराखंड की ही तरह देवभूमि प्रदेश हिमाचल भी है, जहां मुस्लिम आबादी महज दो फीसदी है लेकिन उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी का अनुपात राष्ट्रीय अनुपात के बराबर हो गया है। बहरहाल, राज्य सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से लोगों में भी जागरूकता आई है और वे भी सजग होकर जनसंख्या संरचना बदलने के प्रयासों को सफल बनाने में लगे हैं। इस तरह श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार न सिर्फ औद्योगिक व आर्थिक विकास को गति और दिशा दे रही है, बल्कि जनसंख्या संरचना को बदलने से रोकने के गंभीर प्रयास भी कर रही है और सनातन के धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के भी ठोस कदम उठा रही है।

# कही दिल्ली पेयजल की प्यासी न हो जाए!

//विनीत नारायण//

**गौरतलब है कि अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी पानी के अभाव के कारण मात्र 15 सालों में ही उजड़ गई थी।ज दिल्ली का संकट केवल एक चेतावनी है। आने वाले वर्षों में संकट और बढ़ेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक़, यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक देश के आधे बड़े शहर 'जल-विहीन' क्षेत्रों की श्रेणी में आ सकते हैं। इसलिए अब समय है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनाएँ। इस वर्ष देश भर में हुई भारी बारिश और जल प्रलय के बावजूद भारत के शहरी क्षेत्रों में जल संकट है। पेयजल संकट आशंका नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे महानगर, जो आर्थिक प्रगति और आधुनिक जीवनशैली के प्रतीक हैं, अब जल प्रबंधन की विफलता के गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। हाल ही में दिल्ली के वसंत कुंज क्षेत्र में तीन बड़े मॉल और आसपास की सप्लाई के पूरी तरह ठप हो जाने से यह संकट फिर सुर्ख़ियों में आया।**

इन प्रतिष्ठानों को बंद करने की नौबत इसलिए आ गई है क्योंकि टैंकरों से इनकी जल आपूर्ति रुक गई, जबकि भूजल दोहन (ग्राउंड वॉटर बोरिंग) पर पहले से ही एनजीटी ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह स्थिति केवल अस्थायी तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे प्रशासनिक और नैतिक संकट की ओर संकेत करती है। पिछले सात दशकों में खरबों रुपया जल प्रबंधन पर खर्च किए जाने के बावजूद ऐसा है तो आखिर क्यों।

दिल्ली महानगर की जनसंख्या 2 करोड़ से अधिक है। इससे जल आपूर्ति की व्यवस्था लंबे समय से दबाव में है। दिल्ली जल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शहर में प्रतिदिन करीब 1,000 मिलियन गैलन पानी की मांग है, जबकि उपलब्धता मुश्किल से 850 मिलियन गैलन तक पहुँच पाती है। वसंत कुंज जैसे पॉश इलाकों में भी पिछले कुछ वर्षों से पानी की टंकियों और निजी टैंकरों पर निर्भरता बढ़ी है। परंतु इस बार स्थिति पहले से कहीं अधिक भयावह हो गई क्योंकि प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक कारणों से टैंकरों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इस निर्णय का सबसे बड़ा असर व्यापारिक केंद्रों जैसे मॉल्स, रेस्तरां और दुकानों पर पड़ा है।

इन मॉल्स में हज़ारों कर्मचारी काम करते हैं और प्रतिदिन लाखों ग्राहक आते हैं, बिना पानी के ऐसी व्यवस्था एक दिन भी नहीं चल सकती। शौचालय, सफाई, भोजनालय, अग्निशमन प्रणाली, सब कुछ जल आपूर्ति पर निर्भर हैं। जब टैंकरों की आपूर्ति रुकी, तो केवल व्यापार ही नहीं, आसपास के आवासीय समाज भी संकट में पड़ गए।

दिल्ली सरकार ने कुछ वर्ष पहले भूजल दोहन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था। उद्देश्य यह था कि गिरते जलस्तर को रोका जाए। यह पहल पर्यावरणीय दृष्टि से आवश्यक था, क्योंकि लगातार बढ़ते दोहन ने दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में भूजल को 300 फीट से भी अधिक नीचे पहुँचा दिया था। लेकिन सवाल यह है कि क्या पहले वैकल्पिक व्यवस्था पर्याप्त रूप से विकसित की गई। जब सरकार ने ग्राउंड वॉटर बोरिंग को गैरकानूनी घोषित किया, तब उसके समानांतर रूप में मजबूत टैंकर नेटवर्क, पुनर्चक्रण संयंत्र और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने चाहिए थे। दुर्भाग्यवश, नीतियाँ बनीं पर उनका कार्यान्वयन अधूरा रह गया। परिणामस्वरूप, लोग न तो कानूनी तरीके से पानी निकाल सकते हैं, न सरकारी वितरण पर भरोसा कर सकते हैं। सोचने वाली बात यह है कि यदि जाड़ों में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा। दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पानी की आपूर्ति से जुड़ा टैंकर कारोबार वर्षों से विवादों में रहा है। कई जगह यह सार्वजनिक सेवा से अधिक निजी व्यवसाय बन चुका है। अधिकारियों और टैंकर ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के आरोप नए नहीं हैं। दिल्ली में जल आपूर्ति में आई यह हालिया बाधा भी ऐसे ही भ्रष्टाचार की परतें उजागर करती प्रतीत होती है। त्योहारों के मौसम में जब पानी की मांग बढ़ जाती है, घरों में सजावट, साफ-सफाई और उत्सव आयोजन अधिक होते हैं। ऐसे समय पर टैंकरों की आवाजाही पर प्रतिबंध या 'तकनीकी समस्या' का बहाना बना देना संदेह उत्पन्न करता है। कई स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ जल एजेंसियों ने टैंकरों की उपलब्धता को कृत्रिम रूप से सीमित कर कीमतें बढ़ाने की कोशिश की है। इससे न केवल आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा, बल्कि मॉल्स और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करने की स्थिति आ गई। अगर यह सही हैं, तो यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक दिवालियापन का उदाहरण है। जल जैसी बुनियादी संपदा के साथ ऐसा बर्ताव किसी नागरिक समाज में अक्षम्य अपराध है। भारत में जल नीति के कई स्तर हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और नगरपालिका निकाय सभी अपने ढंग से मनमानी में काम करते हैष राष्ट्रीय जल नीति (2012) कहती है कि हर नागरिक को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण पेयजल मिलेगा, पर छोटे शहरों को तो छोड़ें, दिल्ली जैसे शहरों में भी वास्तविकता इसके उलट है। नगरपालिकाएँ रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता घोषित करती हैं, पर अधिकांश इमारतों में यह प्रणाली केवल कागज़ों पर मौजूद है। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की क्षमता भी इस संकट का सामना करने के लिए अपर्याप्त है। यमुना का प्रदूषण भी दिल्ली की जल आपूर्ति पर सीधा असर डालता है। यदि यमुना से शुद्ध जल नहीं मिलेगा, तो शहर को बाहरी स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ेगा, जिससे राजनीतिक टकराव बनते हैं। हालाँकि नीति-निर्माण और कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी सरकार पर है, पर नागरिक भी निर्दोष नहीं हैं। शहरी समाज में जल का अनावश्यक उपयोग आम बात है। बागवानी में अत्यधिक पानी, कार धोने में व्यर्थ बहाव, और रिसाव की अनदेखी। स्वच्छ भारत मिशन या हर घर जल जैसे अभियान व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर अपनाए जा सकते हैं। मॉल्स और हाउसिंग सोसाइटीज़ में यह व्यवस्था अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि टैंकरों पर निर्भरता घटे।

दिल्ली का वर्तमान संकट केवल एक चेतावनी है। आने वाले वर्षों में संकट और बढ़ेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक़, यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक देश के आधे बड़े शहर 'जल-विहीन' क्षेत्रों की श्रेणी में आ सकते हैं। इसलिए अब समय है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनाएँ। गौरतलब है कि अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी पानी के अभाव के कारण मात्र 15 सालों में ही उजड़ गई थी। महानगरों में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली को सख्ती से लागू करना जरूरी है। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की संख्या और क्षमता बढ़ाना भी। टैंकर संचालन को पारदर्शी और जीपीएस-नियंत्रित बनाना आवश्यक है ताकि रिश्वतखोरी पर रोक लगे। यमुना जैसी नदियों की सफाई और उसके पुनर्जीवन को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज़ करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है। सफलता के योग बने हुए हैं।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है। मित्रों की सलाह भी ले सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें। जिस काम की शुरुआत करेंगे, वह समय पर पूरा होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा। व्यापार में मिली जिम्मेदारियों को सफलता से निभाएंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा।

**मीन राशिः** आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। अफवाहों पर ध्यान न दें। ऑफिसियल यात्रा संभव है, जो शुभ होगी। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे।

## तस्वीरों की दुनिया



बिहार विधानसभा के चुनाव में स्टार प्रचारक भावना बोहरा की एंट्री बिहार विधानसभा चुनाव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा को भाजपा ने सोनपुर विधानसभा प्रभारी की सौंपी बड़ी जिम्मेदारी।



भोरमदेव अभ्यारण्य में तीन दिवसीय तितली सम्मेलन 2025 का सफल समापन।



खेल हमें जीवन में बहुत कुछ सिखाता है, खेल से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा : उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन।




केंद्रीय शिक्षा मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान नई दिल्ली में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, दिल्ली कैंट में आगमन पर विकसित भारत बिल्डथॉन-2025 के तहत आयोजित मेगा स्कूल इनोवेशन इवेंट के मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए।




केंद्रीय शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में विकसित भारत बिल्डथॉन-2025 के तहत देश भर के स्कूलों में लाइव-सिंक्रोनाइज़्ड टिंकरिंग गतिविधि की शुरुआत के लिए मेगा स्कूल इनोवेशन इवेंट पर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान नई दिल्ली में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, दिल्ली कैंट में विकसित भारत बिल्डथॉन-2025 के तहत आयोजित मेगा स्कूल इनोवेशन इवेंट के मौके पर दौरा करते हुए।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान बातचीत करते हुए नई दिल्ली में दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, में आगमन पर विकसित भारत बिल्डथॉन-2025 के तहत आयोजित 'मेगा स्कूल इनोवेशन इवेंट' के अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए।

# प्रिंस खान गिरोह का पर्दाफाश, 12 सदस्य गिरफ्तार, हथियारों के साथ नकदी बरामद



**धनबाद , 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

वासेपुर के कुख्यात प्रिंस खान और उसके गुर्गे सैफी उर्फ मेजर के आतंक पर धनबाद पुलिस ने एक और बड़ा प्रहार किया है। प्रिंस खान के गुर्गे लंबे समय से व्यवसायियों को फोन कर रंगदारी की मांग व जान से मारने की धमकी दे रहे थे। गिरोह के आर्थिक स्त्रोतों, शूटरों के नेटवर्क और हथियार तस्करी चैनल को खत्म करने के लिए एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।गुप्त सूचना के आधार पर 12-13 अक्टूबर की रात प्रिंस खान गिरोह के दर्जन भर अपराधियों को पुलिस ने एक साथ अपराध की रणनीति बनाते गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से हथियार व कारतूस भी बरामद हुए हैं।पुलिस की इस कार्रवाई से धनबाद में प्रिंस खान के द्वारा दिए जानेवाले कई वारदात टल गई। गिरफ्तार अपराधियों ने ही पिछले दिनों राजगंज में पेट्रोल पंप में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान अपराधियों ने अपना गुनाह स्वीकार किया है, यहां तक की फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियार भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में सुरज तांडी, आशीष कुमार सिंह, तौकिर राजा, अफरिदी राजा उर्फ अफरिदी सिद्दीकी, लक्की विशाल उर्फ छोटू, पवन कुमार सिंह, रितिक विश्वकर्मा, अमन कुमार गुप्ता, विक्रम साव, आकाश वर्णवाल, तौकिल अंसारी और अभिषेक पांडे उर्फ पप्पू शामिल है।इन अपराधियों में कई शूटर तो कई तकनीकी सहयोगी और वित्तीय प्रबंधन करनेवाले गुर्गे हैं।

इन अपराधियों के निशानदेही पर पुलिस ने एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, तीन जिंदा, कारतूस तथा दो देशी बम के अलावा 31 हजार 870 रुपये तथा दो पल्सर व होंडा की बाइक व सात मोबाइल बरामद किए हैं।पुलिस की इस सफलता को लेकर एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि राजगंज मामले के अलावा बैंकमोड़ थाना क्षेत्र से छापेमारी में गिरोह द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार, बम और अन्य विस्फोटक बरामद किए गए।इसके लिए बैंकमोड़ थाना में एक दूसरी प्राथमिकी भी दर्ज हुई है। साथ ही, गिरोह की अवैध कमाई और रंगदारी की रकम को विभिन्न खातों में ट्रांसफर करने वाले विक्रम साव, पवन सिंह समेत अन्य पांच लोगों को कतरास थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इनसे वित्तीय लेन-देन के कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। इसके लिए कतरास थाना कांड में भी एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गिरोह जो व्यवसायियों को लगातार धमकाकर रंगदारी वसूलता था और गिरोह के सरगना प्रिंस खान को आर्थिक फायदा पहुंचाता था।

# टिकट न मिलने पर आगबबूला हुए समर्थक, जन सुराज कार्यालय में की तोड़फोड़, पोस्टर जलाया



**शिवाजीनगर, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

जन सुराज की ओर से घोषित प्रत्याशियों की दूसरी सूची में नाम शामिल नहीं किए जाने से नाराज डॉ. गोविंद के समर्थकों ने प्रखंड पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की।प्रखंड के परसा पंचायत के सरहिला गांव निवासी एवं वर्तमान प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार के समर्थकों ने उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरहिला गांव स्थित जन सुराज कार्यालय में बैनर पोस्टर को फाड़ डाला। तोड़-फोड़ की एवं पार्टी की प्रचार सामग्री, पोस्टर-बैनर और पार्टी कार्ड को आग के हवाले कर दिया।जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का पुतला फूंकते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि डॉ. गोविंद कुमार ने विगत कई महीनों से वारिसनगर क्षेत्र में अथक परिश्रम कर जन सुराज की विचारधारा को घर-घर पहुंचाया। सैकड़ों लोगों को पार्टी से जोड़ा, लेकिन इसके बावजूद उन्हें टिकट नहीं देकर पार्टी ने न सिर्फ मेहनत का अपमान किया है, बल्कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं को भी आहत किया है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि टिकट वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई है और इसमें आर्थिक लेनदेन की बू आ रही है। कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब मेहनत और समर्पण के बावजूद इस व्यक्ति को मौका नहीं मिलेगा, तो पार्टी किस सिद्धांत की बात कर रही है।

डॉ. गोविंद ने स्वयं बताया कि वे बीते कई महीनो से अधिक समय से वारिसनगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। टिकट की घोषणा में उनकी अनदेखी से साफ है कि पार्टी की कथनी और करनी में फर्क है।हम लोग विधानसभा चुनाव में जन सुराज के प्रत्याशी का खुलकर विरोध करेंगे। हमारी मेहनत और जनसमर्थन का जवाब हमें जनता के बीच मिलेगा, न कि बंद कमरे में तय की गई सूची से। इस घटनाक्रम के बाद जन सुराज के भीतर गुटबाजी और असंतोष खुलकर सामने आ गई है।

## विजय माल्या ने ब्रिटेन में दिवालियापन रद करने का आवेदन लिया वापस



**लंदन ।** भगोड़ा कारोबारी विजय माल्या ने सोमवार को लंदन में होने वाली सुनवाई से पहले ब्रिटेन के दिवालियापन आदेश को रद करने के अपने आवेदन को वापस ले लिया।इसका मतलब है कि दिवाला व्यक्तियों के मामले की सुनवाई करने वाला ट्रस्टी इन बैंकरप्सी एसबीआई के नेतृत्व वाले बैंकों के एक समूह को 69 वर्षीय माल्या की अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस पर लगभग 1.05 अरब पाउंड के अनुमानित कर्ज के भुगतान में मदद करने के लिए संपत्तियों की तलाश जारी रख सकता है।माल्या की कानूनी टीम ने पिछले सप्ताह आवेदन को वापस लेने का नोटिस दायर किया था। उसके बाद आवेदन पर सुनवाई के निर्देश निर्धारित करने के लिए हाई कोर्ट में जारी सुनवाई रद कर दी गई थी। बैंकों का प्रतिनिधित्व करने वाली ब्रिटेन की विधि कंपनी टीएलटी एलएलपी ने बयान में कहा कि विजय माल्या के मामले में ट्रस्टी इन बैंकरप्सी अब किसी भी बाधा के बिना, उनकी दिवालिया स्थिति के तहत आने वाली संपत्तियों की जांच और उसे जारी करने का अपना काम जारी रख सकेंगे। माल्या धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में भारत में वांछित है।

# अफगानिस्तान में कई भारतीय कंपनियों ने शुरू किया काम, बोले तालिबानी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी



**नईदिल्ली, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अफगानिस्तान में स्थिति पूरी तरह से सामान्य है और पिछले कुछ महीनों के दौरान कई भारतीय कंपनियों ने वहां काम फिर से शुरू कर दिया है। यह बात इस्लामिक अमीरात (तालिबान) के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने भारत के प्रमुख उद्योग चैंबर फिक्की के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में कही। उन्होंने बताया कि भारत के अधिकारियों के साथ उनकी जो बातचीत हुई है, उसमें यह फैसला किया गया है कि दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों की संख्या बढ़ाई जाएगी।इस क्रम में उन्होंने अमृतसर और काबुल के बीच जल्द सीधी उड़ान शुरू किए जाने के संकेत दिए। जबकि फिक्की की तरफ से बताया गया कि केईसी, मैक्स अस्पताल ने अफगानिस्तान में काम शुरू कर दिया है। जबकि एमिटी यूनिवर्सिटी वहां अपना कैंपस खोलने की इच्छुक है। मुत्तकी ने कहा कि कारोबार करने के लिए जिस तरह की अमन व शांति की जरूरत है, उनकी सरकार ने उसे स्थापित कर दिया है। भारत के साथ कारोबार में वृद्धि होने लगी है। बहुत ही कम समय में द्विपक्षीय कारोबार बढ़ कर एक अरब डालर को पार कर गया है। उन्होंने भारतीय कंपनियों को ढांचागत, हेल्थ, कृषि, बैंकिंग, हवाई सेवा क्षेत्र में अफगानिस्तान में निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने भारत सरकार से भी आग्रह किया कि वह अफगान नागरिकों को ज्यादा वीजा दे ताकि आपसी कारोबार की राह आसान हो सके।

मुत्तकी ने भारत को चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंध हटाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत करनी चाहिए। उनका देश रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस बंदरगाह के अधिकतम उपयोग के पक्ष में है। उन्होंने अमेरिका के साथ अपनी बैठकों में प्रतिबंध हटाने का मुद्दा भी उठाया है। गत सितंबर में ट्रंप प्रशासन ने ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह को 2018 में प्रतिबंधों से मिली छूट को रद करने का फैसला लिया था।

## उत्तर प्रदेश में किसानों की बल्ले-बल्ले, आलू बीज पर 800 रुपये प्रति क्विंटल की छूट

**लखनऊ।** आलू किसानों को अब उद्यान विभाग के आलू बीज पर 800 रुपये प्रति क्विंटल की छूट मिलेगी। उद्यान राज्यमंत्री उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने यह निर्णय लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी जिलों में किसानों तक इस छूट का लाभ पहुंचाने और बीज वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।अपने सरकारी आवास पर विभागीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि आलू किसानों के हित में वर्ष 2025-26 के लिए विभागीय आलू बीज की दरों पर यह छूट दी जाएगी।वर्तमान वर्ष में विभागीय आलू बीज की विक्रय दरें उत्पादन लागत के आधार पर 2760 रुपये से 3715 रुपये प्रति क्विंटल तक निर्धारित थीं, जबकि निजी बीज कंपनियों की आलू बीज की औसत दरें लगभग 2500 से 3500 रुपये के मध्य है।अब किसानों को गुणवत्तायुक्त सभी श्रेणी के विभागीय आलू बीज की दरों में छूट दी जाएगी। यह छूट का लाभ शोध संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को नहीं मिलेगा। अब किसानों के लिए सभी विभागीय आलू बीज की दरें 1960 रुपये से 2915 रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहेगी।वर्तमान वर्ष में उद्यान विभाग के पास 41,876 क्विंटल आलू बीज भंडारित है, जो नकद मूल्य पर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसान आगामी वर्षों के लिए बीज उत्पादन कर सकें।

## आरटीओ से जारी परमिट में नेपाल का रूट जोड़ दौड़ा रहा था बस, चालक व संचालक गिरफ्तार




**अलीगढ़।** मुनाफे के चक्कर में बस संचालक ने आरटीओ से जारी परमिट में ही खेल कर लिया। उसे जो परमिट जारी हुआ, उसमें उसने नेपाल का रूट भी जोड़ दिया और उसकी पीडीएफ तैयार कर ली। दूसरे देश का रूट होने पर एंबेसी से परमिट जारी होता है। उसकी यह हरकत जब विभाग को पता चली तो उसके खिलाफ अलीगढ़ के बन्नादेवी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इस मामले की जांच करते हुए लखनऊ एसटीएफ ने आरोपित संचालक को दिल्ली और उसके चालक को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। अलीगढ़ के एआरटीओ द्वारा बन्नादेवी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। इसमें जांच के लिए परिवहन आयुक्त ने भी पत्र भेजा था। इसके बाद लखनऊ एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षक में जांच शुरू हुई। इसके लिए एक टीम लखनऊ में और दूसरी दिल्ली रवाना की गई।टीम ने रविवार की देर रात नई दिल्ली के सागरपुर क्षेत्र के बागवानी भवन गेट के पास से वहीं के जनकपुरी निवासी बस संचालक राम प्रसाद को हिरासत में ले लिया गया। नागालैंड के कोहिमा के पीडब्ल्यूडी कालोनी निवासी उसके चालक बाले थापा उर्फ बाल किशन को भारत-नेपाल सोनौली बार्डर की ओर बस लेकर आते वक्त लखनऊ के किसान पथ पर पकड़ा। उनके पास से सात अदद कूटरचित भारत-नेपाल यात्रा परमिट और कूट रचना में प्रयुक्त लेपटाप व मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया।निरीक्षक अंजनी कुमार के अनुसार पूछताछ में राम प्रसाद ने बताया कि वह चाचा-चाची ट्रैवल्स के नाम से टूर एवं ट्रैवेल एजेन्सी चला रहे हैं। बताया कि उन्होंने फरवरी 2024 में कन्नू ट्रैवेल्स से सेकेंड हैंड बस अपनी पत्नी उषा के नाम खरीदी थी। इसका संचालन उनके द्वारा किया जाता है।बस को ड्राइवर बाले थापा उर्फ बालकिशन चलाता है।

## रोहतक में SIT, हरियाणा सरकार को जारी किया नोटिस

### 2 लाख रिश्वत के एंगल से हो रही जांच



**चंडीगढ़।** आईपीएस अधिकारी व एडीजीपी वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) 11 अक्टूबर से रोहतक में डेरा डाले हुए हैं। टीम ने सोमवार को भी रोहतक में आगे की जांच की।जानकारी के अनुसार, 2 लाख रुपये की रिश्वत मामले में जांच से जुड़ी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस बीएनएसएस की धारा 94 के तहत भेजा गया है। वहीं, मामले से संबंधित साक्ष्यों को फॉरेंसिक साइंस लेब (एफएसएल ) भेजने के लिए पत्र अग्रेषित किए गए हैं। एसआईटी ने जांच से जुड़े नमूने एफएसएल को सौंपे हैं ताकि वैज्ञानिक जांच आगे बढ़ सके। मामला थाना-11 में दर्ज एफआईआर नंबर 156/25 से जुड़ा है। जांच के तहत शिकायतकर्ता को भी औपचारिक पत्र भेजा गया है, जिसमें शव की पहचान के लिए आगे आने और जल्द से जल्द पोस्टमार्टम करवाने का अनुरोध किया गया है। पुलिस का कहना है कि शव परीक्षण की प्रक्रिया पूरी होना मामले की तेजी से जांच के लिए बेहद आवश्यक है।

# दोहरा गेम खेल रही है पाक सेना... TLP के विरोध प्रदर्शनों के पीछे क्या है आसीम मुनीर का मंसूबा?



**इस्लामाबाद, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

आतंकवादी संगठनों के जरिए अपने हितों को साधने की परंपरा पाकिस्तान में पुरानी रही है। गाजा मुद्दे पर तेजीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के समर्थकों की तरफ से लाहौर व कुछ दूसरे शहरों में किया जा रहा हिंसक विरोध प्रदर्शन इसका नया उदाहरण हैं। इजरायल के हमलों के खिलाफ टीएलपी के लोगों की तरफ से फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन के नारों के साथ शुरु हुआ यह प्रदर्शन इस्लामाबाद की ओर कूच कर चुका है। कूटनीतिक सूत्रों का कहना है कि यह प्रदर्शन पाकिस्तानी सेना की एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है जिसका दोहरा उद्देश्य है। एक तरफ इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने को लेकर अमेरिकी दबाव को कम करना है तो दूसरा, आंतरिक राजनीति में सहानुभूति हासिल करना भी है। पिछले तीन महीने में तीन बार अमेरिका का दौरा कर चुके पाकिस्तान आर्मी चीफ आसीम मुनीर का यह गेम-प्लान कितना सफल होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि टीएलपी का नेतृत्व पर उनका कितना असर रहता है। पूर्व में यह देखा जा चुका है कि पाकिस्तान सेना की तरफ से पोषित आतंकवादी संगठन कई बार अपनी मर्जी से भी फैसले करने लगते हैं। पिछले कुछ हफ्तों के दौरान अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान की गतिविधियां, जिसे वहां की सरकार बड़ी उपलब्धियों के तौर पर पेश कर रही है, को देखें तो पाक सेना और टीएलपी के बीच की साजिश का अंदाजा हो जाता है।पहले पाकिस्तान की तरफ अमेरिकी कंपनियों को तेल ब्लॉक, क्रिप्टोकरेंसी की अनुमति देने, दुर्लभ खनिजों के खनन आदि का प्रस्ताव दिया जाता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहली बार पाक सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर को भोज दिया। कुछ हफ्ते बाद ही पीएम शाहबाज शरीफ और मुनीर को दोबारा आमंत्रित किया गया। ढ़ाई दशक बाद अमेरिका की कूटनीति में पाकिस्तान को भाव दिया गया। अमेरिका की इस दरियादिली के पीछे पश्चिम एशिया को लेकर उसकी नई नीति एक बड़ी वजह रही।इसके कुछ ही दिनों बाद फील्ड मार्शल मुनीर और पीएम शरीफ ने सऊदी अरब के साथ रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौता साइन किया, जो सीधे तौर पर इजरायल को घेरने की रणनीति है। ऐसे में पाकिस्तान पर एक तरफ से अमेरिका का दबाव बन रहा है कि वह अब्राहम समझौतों के तहत इजरायल को मान्यता दे। ट्रंप ने जब गाजा शांति प्लान की घोषणा की तो पाकिस्तान सबसे आगे बढ़ चढ़ कर स्वागत किया। यह हमास को कमजोर करता है और पाकिस्तान के समाज एक बड़े वर्ग को यह स्वीकार नहीं। कूटनीतिक सूत्रों के मुताबिक गाजा शांति समझौते के पक्ष में तकरीबन पूरा पश्चिम एशियाई देश हैं लेकिन इन देशों की जनता को भी यह पूरी तरह से स्वीकार हो, इसमें संदेह है।

ऐसे में पाकिस्तान सेना ने टीएलपी को सक्रिय करके पाकिस्तान को इस्लामी दुनिया का लीडर बनने का गेम प्लान किया है। अगर प्रदर्शन ज्यादा बढ़ता है तो पाक सरकार इसे अमेरिका के सामने अपनी मजबूरी के तौर पर रख सकती है कि वह क्यों अभी अब्राहम समझौते को स्वीकार नहीं कर रहा। ट्रंप इस तर्क को मानते हैं या नहीं यह भी देखना होगा। लेकिन जैसा कि पहले भी देखा जा चुका है कि आतंकवादी संगठन को उकसावा देना आसान है लेकिन उनको अपनी मर्जी से निर्दे मर्जी से निर्देशित करना खतरनाक भी साबित होगा।पंजाब पुलिस की गोलीबारी में बड़ी संख्या में मौतें हो चुकी हैं। पंजाब पुलिस की कार्रवाई को भी पाक सेना को दिये जाने वाले जबाव के तौर पर भी देखा जा रहा है जो वहां के आंतरिक हालात को बताता है। इस बार पंजाब पुलिस का विद्रोह खतरनाक साबित हो रहा है। अगर प्रदर्शन बढ़े, तो पाकिस्तान में आंतरिक युद्ध जैसी स्थिति भी बन सकती है और पूरे खेल में खुद पाकिस्तान का हाथ और नकाब दोनों जल सकता है।

# अगले साल दुनिया का पहला मल्टी-सेंसर ईओ सेटेलाइट लॉन्च करेगी गैलेक्सआई

### भारत करेगा बड़ा कमाल



**नईदिल्ली, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी गैलेक्सआइ अगले साल दुनिया का पहला मल्टी-सेंसर अर्थ आब्जर्वेशन (ईओ) सेटेलाइट मिशन दृष्टि लांच करेगी। कंपनी ने सोमवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि 160 किलोग्राम वजन वाला मिशन दृष्टि भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेटेलाइट है। यह देश में विकसित सबसे उच्च-रिजाल्यूशन वाला सेटेलाइट भी है। कंपनी की योजना 2029 तक आठ-10 उपग्रह लांच करने की है। सिंथेटिक अपर्चर रडार (एएआर) और उच्च-रिजाल्यूशन वाले आप्टिकल पेलोड से लैस यह सेटेलाइट किसी भी मौसम में निरंतर पृथ्वी अवलोकन डाटा उपलब्ध कराएगा।

1.5 मीटर रिजाल्यूशन वाला यह सेटेलाइट सरकारों, रक्षा एजेंसियों और उद्योगों को सीमा निगरानी, आपदा प्रबंधन, रक्षा और बुनियादी ढांचे की निगरानी, कृषि के साथ वित्तीय और बीमा मूल्यांकन सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में उन्नत भू-स्थानिक विश्लेषण करने में सक्षम बनाएगा। जिससे रियल टाइम में पर्यावरणीय और संरचनात्मक जानकारी उपलब्ध होगी।गैलेक्सआइ के सह-संस्थापक और सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) सुयश सिंह ने कहा, दुनिया में पहली बार हम एक ऐसा सेटेलाइट तैनात कर रहे हैं जो एक ही प्लेटफार्म पर कई सेंसिंग तकनीकों को जोड़ता है, जिससे हम पृथ्वी का उन तरीकों से अवलोकन कर पाएंगे जो पहले असंभव थे। दृष्टि उपग्रह का इसरो के यू आर राव उपग्रह केंद्र (यूआरएससी) में व्यापक संरचनात्मक परीक्षण किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि यह अत्यधिक तापमान, सहित अंतरिक्ष की कठोर परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम है।

# पटना साहिब में रखे जाएंगे गुरु गोविंद सिंह और माता साहिब कौर के चरण पादुका, दिल्ली से निकलेगा नगर कीर्तन



**नईदिल्ली, 14 अक्टूबर [एजेंसी]।**

गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर जी के पवित्र जोड़े साहिब (चरण पादुका) को पूरे सम्मान के साथ दिल्ली से पटना साहिब गुरुद्वारा ले जाकर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली से पटना तक नगर कीर्तन निकलेगा। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उनके परिवार को पवित्र जोड़े साहिब की लगभग 300 वर्षों तक सेवा करने का सौभाग्य मिला है। अब इसे गुरुजी के जन्म स्थल पटना साहिब में स्थापित किया जाएगा। यह निर्णय श्री राम कालेज आफ कामर्स की प्रिंसिपल प्रोफेसर सिमिरत कौर की अध्यक्षता में गठित समिति ने सिख विद्वानों, इतिहासकारों, सिख नेताओं व संगत से विचार विमर्श के बाद लिया है। प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद नगर कीर्तन निकालने का प्रस्ताव है। यह पवित्र यात्रा दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार चार राज्यों से होते हुए नौ दिनों में 1500 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी। दिल्ली से शुरू होकर यह पवित्र यात्रा फरीदाबाद, आगरा, बरेली, लखीमपुर, कानपुर, प्रयागराज सहित कई स्थानों पर रुकेगी। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने कहा, नगर कीर्तन 23 या 24 अक्टूबर से शुरू करने की तैयारी है। शीघ्र ही तिथि घोषित की जाएगी। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को भी नगर कीर्तन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रोफेसर सिमिरत कौर ने कहा कि जोड़े साहिब को स्थापित करने के लिए हरिमंदिर जी पटना साहिब और आनंदपुर साहिब पर विचार किया गया। गुरु जी का जन्म स्थल के साथ ही उनकी आध्यात्मिक यात्रा पटना साहिब से ही प्रारंभ हुई थी। इस कारण पटना साहिब में ही इसे स्थापित करने का निर्णय हुआ। गुरु गोविंद सिंह जी की दाहिनी पादुका (11 इंच × 3.5 इंच) और माता साहिब कौर जी (9 इंच × 3 इंच) की बाईं पादुका के अंतिम संरक्षक करोल बाग में रहने वाले जसमीत सिंह पुरी थे। इस स्थान की पवित्रता को देखते हुए उनके निवास तक जाने वाली सड़क का नाम गुरु गोविंद सिंह मार्ग रखा गया है। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी मनप्रीत सिंह पुरी ने हरदीप सिंह पुरी से जोड़े साहिब को सुरक्षित और संगत के दर्शन के लिए इसे रखे जाने में सहयोग की अपील की। इसके बाद संस्कृति मंत्रालय के विशेषज्ञों द्वारा इसकी ऐतिहासिक और वैज्ञानिक विश्लेषण किया। इंदिरा गांधी कला केंद्र ने कार्बन डेटिंग परीक्षण कर अप्रैल, 2024 में अपनी रिपोर्ट दी। इसके बाद प्रोफेसर सिमरित कौर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई।

## केरल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की आत्महत्या मामले में आरएसएस ने की जांच की मांग, कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आरएसएस ने सोमवार को केरल में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की अप्राकृतिक मौत के कारणों और इंटरनेट मीडिया पर सामने आए उनके कथित सुसाइड नोट की व्यापक जांच की मांग की।आरएसएस दक्षिण केरल प्रांत के पदाधिकारी केबी श्रीकुमार ने दावा किया कि आनंदू अजी का कथित सुसाइड नोट उनकी मृत्यु के तुरंत बाद इंस्टाग्राम और कुछ अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों पर सामने आया है। इसमें संघ के खिलाफ कुछ संदिग्ध और निराधार आरोप लगाए गए हैं। हमारी मांग है कि आनंदू की मौत की परिस्थितियों और कथित सुसाइड नोट की व्यापक जांच कराई जाए। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने सवाल किया कि इंटरनेट मीडिया पर साफ्टवेयर इंजीनियर आनंदू अजी द्वारा आरएसएस के शिविरों में यौन शोषण का दावा करने वाली पोस्ट सामने आने के बावजूद एफआईआर में संगठन का नाम क्यों नहीं है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी मामले की विस्तृत जांच की मांग की है।

# आकांक्षा पुरी का नया गाना जन्नतां नसीब रिलीज



अभिनेत्री आकांक्षा पुरी इन दिनों अपनी फिल्मों और गानों को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। गुरुवार को उनका नया गाना जन्नतां नसीब रिलीज हो गया है। आकांक्षा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का एक क्लिप शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इंतजार खत्म हुआ! जन्नतां नसीब अब आ गया है! आवाज बढ़ाओ और बीट्स का मजा लो। उनके इस पोस्ट को फैंस ने खूब पसंद किया और कमेंट्स में तारीफों भरी प्रतिक्रियाएं दीं।

जन्नतां नसीब को मशहूर सिंगर रुपाली जग्गा ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। गाने के बोल मशहूर गीतकार नूर ने लिखे हैं और म्यूजिक अनमोल डेनियल ने दिया है, जबकि म्यूजिक प्रोडक्शन का जिम्मा अनमोल डेनियल और मैग ने संभाला है। इस जोड़ी ने गाने को एक ताजगी भरा अंदाज दिया है, जो सुनने वालों को झूमने पर मजबूर कर देता है। गाने में आकांक्षा पुरी के शानदार डांस मूव्स और ग्लैमरस लुक ने गाने को और भी आकर्षक बना दिया है। वीडियो में उनके डांस स्टेप्स फैंस को दीवाना बना रहे हैं।

अभिनेत्री आकांक्षा पुरी ने 2015 में मधुर भंडारकर की फिल्म कैलेंडर गर्ल्स से बॉलीवुड में कदम रखा और 2017 में विघ्नहर्ता गणेश टीवी शो में देवी पार्वती का किरदार निभाया। उन्होंने बिग बॉस ओटीटी 2 में भी भाग लिया है।

अभिनेत्री की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही खेसारी लाल यादव के साथ भोजपुरी फिल्म अग्निपरीक्षा में नजर आएंगी। फिल्म में अभिनेत्री और खेसारी लाल यादव के अलावा नीलम गिरी भी मुख्य भूमिका में हैं और सुशील सिंह, प्रकाश जैश, और विनोद मिश्रा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार सहायक भूमिका में नजर आएंगे।


फिल्म का पोस्टर और लाल घघरी गाना पहले ही रिलीज हो चुके हैं। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट के बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

अग्निपरीक्षा भोजपुरी सिनेमा के लिए एक बड़ी पेशकश मानी जा रही है, जिसमें ड्रामा, रोमांस, और मनोरंजन का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा।



## नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ का नया गाना कोका कोला-2 रिलीज, फैंस उत्साहित

मशहूर गायिका नेहा कक्कड़ और उनके भाई टोनी कक्कड़ का बहुप्रतीक्षित गाना कोका कोला-2 रिलीज हो गया है। टोनी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिए इस गाने की रिलीज की घोषणा की। प्रशंसकों के बीच इस गाने को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि यह 2019 में आए हिट गाने कोका कोला का सीक्वल है। टोनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का एक क्लिप शेयर किया। इस क्लिप के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, कोका कोला-2 अब रिलीज हो चुका है। इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया, और फैंस ने कमेंट्स में गाने की तारीफ शुरू कर दी। कोका कोला-2 में नेहा कक्कड़, टोनी कक्कड़ और जूनियर ने अपनी आवाज दी है। गाने के बोल टोनी कक्कड़ ने लिखे हैं। इसके अलावा, गाने का म्यूजिक भी टोनी ने ही कंपोज किया है, और उन्होंने इसे प्रोड्यूस भी किया है। गाने का म्यूजिक वीडियो भी दर्शकों को खूब लुभा रहा है। इसमें नेहा कक्कड़, टोनी कक्कड़ और जूनियर की शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिल रही है। नेहा के एनर्जेटिक डांस मूव्स और उनकी आवाज गाने को और आकर्षक बनाती हैं। वीडियो में रंग-बिरंगे सेट्स, मॉडर्न बीट्स और ट्रेंडी वाइब्स का मिश्रण है, जो दर्शकों को खास तौर पर पसंद आ रहा है। कोका कोला-2 गाना रिलीज के कुछ ही समय में यूट्यूब पर काफी व्यूज बटोर चुका है। नेहा और टोनी की जोड़ी पहले भी कई हिट गाने दे चुकी है, और यह गाना भी उसी कड़ी का हिस्सा बन गया है।




## कृति सेनन अपनी खास परफॉर्मेंस से एक मशहूर एक्ट्रेस को देंगी सलामी

गुजरात के अहमदाबाद में 70वें फिल्मफेयर अवार्ड्स 2025 का आयोजन 11 अक्टूबर को होगा। शहर की कांकरिया झील स्थित ईकेए एरिना में होने वाले इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई सेलेब्स स्टेज पर परफॉर्म करते दिखाई देंगे। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन का नाम भी शामिल है। उन्होंने आईएएनएस को दिए स्पेशल इंटरव्यू में बताया कि इस बार वह अपनी परफॉर्मेंस के जरिए एक महान अदाकारा को ट्रिब्यूट देती दिखाई देंगी। आईएएनएस से अपनी परफॉर्मेंस की डिटेल शेयर करते हुए कृति सेनन ने कहा, फिल्मफेयर मेरे दिल के बहुत करीब है, जहां हम सिनेमा, उसकी कहानियों और उन्हें साकार करने वालों के प्रति अपने प्यार का उत्सव मनाते हैं। 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में इस साल परफॉर्म करना मेरे लिए जादुई अनुभव है। मैं एक प्रेरणादायक महिला को अपनी प्रस्तुति से सलामी दूंगी और दर्शकों के साथ इस पल को जीने के लिए उत्साहित हूं। कृति सेनन के अलावा अक्षय कुमार भी इस बार फिल्मफेयर के लिए स्टेज पर परफॉर्म करते दिखाई देंगे। बताया जा रहा है कि वे स्टेज पर कुछ हैरतअंगेज स्टंट भी परफॉर्म करते दिखाई देंगे। इस बार के अवॉर्ड शो में अभिषेक बच्चन भी स्टेज पर परफॉर्म करते दिखाई देंगे। अभिषेक बच्चन ने अवॉर्ड शो को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक इंटरव्यू में कहा था, फिल्मफेयर ने हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह बनाई है। मैंने ब्लैक लेडी को देखते हुए बचपन का वक्त बिताया और यही मंच मुझे सम्मानित भी कर चुका है। 70वें संस्करण का हिस्सा बनना बेहद खास अनुभव है। इस साल की मेरी परफॉर्मेंस मेरे लिए बेहद अहम है।

## इंटरनेशनल म्यूजिक फेस्टिवल अनटोल्ड दुबई 2025 में ग्लोबल स्टार नोरा फतेही मुख्य होंगी आकर्षण

ग्लोबल स्टार नोरा फतेही एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित म्यूज़िक फेस्टिवल्स में से एक ह्वह्वरुष्ठ दुबई 2025 के स्टार-स्टडेड लाइनअप में शामिल होंगी। यह फेस्टिवल 6 से 9 नवम्बर तक एक्सपो सिटी दुबई में आयोजित होगा, जहां नोरा, जे बाल्विन, मार्टिन गैरिक्स और एलन वॉकर सहित विश्व के कुछ सबसे बड़े संगीत हस्तियों के साथ मंच साझा करेंगी। यह फेस्टिवल, जो अपनी भव्य प्रस्तुति, विविध कलाकारों की मौजूदगी और अद्भुत अनुभव के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, इस वर्ष अपने शानदार अंदाज़ में वापसी कर रहा है, और नोरा का मुख्य परफॉर्मेंस इस फेस्टिवल की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक होने वाली है। दर्शक उम्मीद कर सकते हैं एक हाई-एनर्जी प्रस्तुति की, जिसमें नोरा की सिग्नेचर डांस एनर्जी, पॉप स्टाइल और इंटरनेशनल साउंड का अनोखा संगम देखने को मिलेगा — जो एक ग्लोबल परफ़ॉर्मर के रूप में नोरा के विकास को दर्शाता है। ओह मामा! टेटेमा और स्नेक जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट्स से लेकर जेसन डेरुलो और रेवनी के साथ ग्लोबल कोलैबोरेशन तक, और अब जल्द ही रिलीज होने वाली सॉन्ग शेनसीया के साथ उनके बहुप्रतीक्षित आगामी अंतर्राष्ट्रीय पॉप सिंगल जस्ट अ गर्ल तक, नोरा फतेही संगीत और प्रदर्शन के माध्यम से संस्कृतियों को जोड़ती रही हैं। उनका हालिया हिट गाना दिलबर की आँखों का (फिल्म थाम्मा से) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो चुका है, जो उनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव और सफलता में एक और उपलब्धि जोड़ता है, क्योंकि वह हर रिलीज़ के साथ ग्लोबल चार्ट और चर्चाओं पर हावी रहती हैं।

अनटोल्ड दुबई 2025 में अपने आगामी प्रदर्शन के साथ, नोरा एक बार फिर यह साबित करने जा रही है कि वह आज की पीढ़ी की सबसे ऊर्जावान और प्रभावशाली ग्लोबल एंटरटेनर में से एक के रूप में एक हैं। जे बाल्विन, मार्टिन गैरिक्स, यंगब्लड और एलन वॉकर जैसे वैश्विक संगीत दिग्गजों की एक धमाकेदार लाइनअप के साथ, अनटोल्ड दुबई 2025 संगीत और संस्कृति का एक अविस्मरणीय उत्सव बनने के लिए तैयार है, और नोरा फतेही का प्रदर्शन निस्संदेह फेस्टिवल के सबसे प्रतीक्षित क्षणों में से एक है।



### बाक्स आफिस पर द बंगाल फाइल्स की कमाई

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी फिल्म द बंगाल फाइल्स से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बाक्स आफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी, अनुपम खेर, दर्शन कुमार और सिमरत कौर मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म की शुरुआत बेहद ठंडी रही। हालांकि, वीकेंड पर फिल्म के कारोबार में मामूली इजाफा देखने को मिला। आइए जानें फिल्म द बंगाल फाइल्स ने तीसरे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं। बाक्स आफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, द बंगाल फाइल्स ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 2.75 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद इसका कुल बाक्स आफिस कलेक्शन 6.65 करोड़ रुपये हो गया है। द बंगाल फाइल्स ने 1.75 करोड़ रुपये के साथ बाक्स आफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन इसने 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म का अनुमानित बजट 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

## अरविंद अकेला कल्लू की मेहमान' का नया गाना नजरिया के बान जल्द होगा रिलीज



भोजपुरी सिनेमा के चर्चित अभिनेता और गायक अरविंद अकेला कल्लू की आगामी फिल्म मेहमान का नया गाना नजरिया के बान जल्द ही रिलीज होने वाला है। मेकर्स ने शुक्रवार को गाने के पोस्टर शेयर कर रिलीज की जानकारी दी। अरविंद ने गाने का पोस्टर इंस्टाग्राम पर रिलीज किया, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, फिल्म मेहमान का नया गाना नजरिया के बान कल सुबह 6 बजकर 3 मिनट पर रिलीज होगा। फिल्म में अरविंद अकेला कल्लू मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उनके साथ दर्शना बनिक और पूजा ठाकुर लीड रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म का निर्देशन लाल बाबू पंडित ने किया है। इसमें अरविंद, दर्शना और पूजा के अलावा संजय पांडे, समर्थ चतुर्वेदी, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवल, रामसुजान सिंह, बीना पांडे, संजीव मिश्रा, सोनू पांडे, स्वास्तिका, अनु पांडे और रिंकू आयुषी जैसे मंझे हुए कलाकार अहम किरदारों में दिखेंगे। मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर पहले ही एसआरके म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया है। मेहमान का टाइटल इस फिल्म में दामाद को दर्शाता है, और कहानी इसी किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी एक ऐसे युवक की है, जिसकी शादी बार-बार रुक जाती है। आखिरकार उसकी शादी तो हो जाती है, लेकिन विदाई छह महीने बाद तय होती है। इस दौरान ससुराल वालों को एक चौंकाने वाली सच्चाई का पता चलता है, जिससे कहानी में नया मोड़ आता है। मेहमान' के निर्माता रोशन सिंह और सह-निर्माता शर्मिला आर. सिंह हैं। ट्रेलर में कहानी की झलक और कलाकारों की शानदार अदाकारी देख दर्शक बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -198

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 197 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## फिल्म जटाधारा से सुधीर बाबू के स्वैग और श्रेया शर्मा के जलवों से सजा गीत पल्लो लटके हुआ रिलीज



सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय से सजी और जी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत बहुप्रतीक्षित फिल्म जटाधारा, के विजुअली शानदार टीज़र और धना पिशाची' गीत के बाद, मेकर्स ने अब पेश किया है फिल्म का सबसे ज़बरदस्त डांस नंबर पल्लो लटके', जो अपने हाई-एनर्जी बीट्स और जोशीले मूव्स के साथ हर डांस फ्लोर को जगमगाने के लिए तैयार है। पल्लो लटके' गीत में जहां सुधीर बाबू अपने स्टाइलिश लुक और दमदार स्क्रीन प्रेज़ेन्स से दिल जीत ले रहे हैं, वहीं श्रेया शर्मा अपनी ग्रेस और एनर्जी से हर फ्रेम में चार चांद लगा रही हैं। भव्य स्केल पर शूट किए गए इस गाने में विजुअली स्टनिंग कोरियोग्राफी के साथ दोनों की कैमिस्ट्री इस गाने को और भी धमाकेदार बना रही है। अगर यह कहें तो गलत नहीं होगा कि सुधीर बाबू के बेमिसाल मूव्स और स्वैग के साथ श्रेया शर्मा का जोशीला डांस दर्शकों के लिए एक विज़ुअल ट्रीट होगा। लोकप्रिय राजस्थानी लोकगीत पल्लो लटके' को जटाधारा में एक नए अंदाज़ में पेश किया गया है, जहां पारंपरिक मेलोडी को आधुनिक बीट्स और कटिंग-एज कोरियोग्राफी के साथ जोड़ा गया है। यह गाना परंपरा और आधुनिकता का शानदार संगम पेश करता है, जो भारतीय आत्मा से जुड़ी डिजिटल जेनरेशन को भी खूब भाएगी। ऐसे में इसका कैची रिदम, फूट-टैपिंग ग्रूव और सोशल मीडिया पर छाने वाले विज़ुअल मूव्स इसे इस साल का अल्टीमेट डांस एंथम बना देते हैं। जटाधारा में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के साथ दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी, रोहित पाठक, झांसी, राजीव कनकला और सुभलेखा सुधाकर जैसे कई दिग्गज कलाकार हैं। फिल्म अच्छाई बनाम बुराई, प्रकाश बनाम अंधकार और मानव इच्छाशक्ति बनाम ब्रह्मांडीय भाग्य की रोमांचक लड़ाई को पेश करती है। ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत जटाधारा का निर्माण उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा ने किया है। फिल्म के सह-निर्माता अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा हैं, जबकि क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय और सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर भावना गोस्वामी हैं। फिल्म का दमदार म्यूज़िक ज़ी म्यूज़िक कंपनी द्वारा तैयार किया गया है। फिल्म जटाधारा 7 नवंबर को हिंदी और तेलुगु में रिलीज़ होगी।

स्वास्थ्य मंत्री बोले मैं आपके परिवार का हिस्सा हूं, कभी झूठ नहीं बोलूंगा जो काम शुरू हुआ है वह सभी कार्य होंगे पूणःजायसवाल

# स्वास्थ्य सेवाओं का स्वर्णिम युग प्रारंभ, 220 बेड अस्पताल का शिलान्यास







**एमसीबी।** जिले के इतिहास में आज का दिन स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त प्रयासों से 220 बेड के अत्याधुनिक अस्पताल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय भवन का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। आमाखेरवा ग्राउण्ड में आयोजित इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्याम बिहारी जायसवाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री की गरिमामय उपस्थिति रही।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह परियोजना मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की जनता के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का नया युग लेकर आएगी और आम नागरिकों को बेहतर इलाज व सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की दीप प्रज्वलन से हुआ। सभी मुख्य अतिथियों ने एक स्वर में प्रदेश की समृद्धि, विकास और नागरिक कल्याण की कामना की। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि गणों ने संयुक्त रूप से सिविल हॉस्पिटल का शिलान्यास कर इस ऐतिहासिक परियोजना की नींव रखी। इसी क्रम में आदर्श मेडिकल फोर्स एवं मेडिकल कॉलेज के बच्चों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग बिखेर दिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में यशवंती सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत, प्रतिमा यादव, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, जानकी बाई, अध्यक्ष जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़, धर्मेन्द्र पटवा, उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, सुशीला सिंह, पार्षद वार्ड क्रमांक 21 एवं स्वप्निल सिन्हा, पार्षद वार्ड क्रमांक 22 उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगा दिए। 220 बेड के इस बहुप्रतीक्षित अस्पताल का निर्माण कार्य 3536.52 लाख रुपये की लागत से पूरा किया गया है, जो जिले में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के नए युग की नींव रखेगा। इसके साथ ही 195.60 लाख रुपये की लागत से बनने वाली मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया । जिससे स्वास्थ्य प्रशासनिक तंत्र को नई ऊर्जा और दक्षता प्राप्त होगी। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह परियोजना जिले के हर वर्ग के नागरिकों के लिए सुलभ, आधुनिक और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस अस्पताल के निर्माण से न केवल चिकित्सकीय सेवाओं में विस्तार होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। इस दौरान महेन्द्र सिंह ईई सीजीएमएससी ने अपने संबोधन में कहा कि आज मनेन्द्रगढ़ जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है जब 220 बेड के इस अत्याधुनिक अस्पताल का शिलान्यास हमारे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से संपन्न हुआ। यह अस्पताल छह मंजिला आधुनिक इमारत के रूप में विकसित होगा, जिसमें 200 केवी का डीज़ल जनरेटर और 500 वॉट की बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी परिस्थिति में मरीजों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवा मिल सके। साथ ही परिसर में आकर्षक उद्यान (गार्डन) का निर्माण कराया जाएगा, जिससे अस्पताल का वातावरण हरित और शांतिपूर्ण बना रहेगा। यह अस्पताल मनेन्द्रगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे जिले के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रमुख केंद्र बनेगा। इसके साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानी ने कहा कि आज का यह दिन जिले के लिए गर्व का विषय है। लंबे समय से जिस आधुनिक अस्पताल की जरूरत महसूस की जा रही थी, वह अब साकार होने जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का यह नया अध्याय शुरू हुआ है। आने वाले समय में मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में पूरे प्रदेश में उदाहरण बनेगा। वहीं धर्मेन्द्र पटवा ने अपने संबोधन में कहा कि मनेन्द्रगढ़ की जनता को अब बड़े शहरों में इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यह अस्पताल क्षेत्र के हर नागरिक को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का यह उपहार जिले के विकास और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने कहा कि आज मनेन्द्रगढ़ की धरती पर एक ऐतिहासिक शुरुआत हुई है। यह अस्पताल सिर्फएक इमारत नहीं बल्कि जनसेवा का प्रतीक बनेगा। विधायक महोदय की ओर से मैं स्वास्थ्य मंत्री और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस क्षेत्र को इतनी बड़ी सौगात दी है। वहीं जिला अध्यक्ष चम्पा देवी पावेल ने कहा कि आज का दिन मनेन्द्रगढ़ की जनता के लिए खुशी का अवसर है। पहले यहां के नागरिक इलाज के लिए रायपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर जैसे बड़े शहरों का रुख करते थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार और स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से यह सपना साकार हो गया है। 220 बेड के इस अस्पताल का निर्माण जिले के स्वास्थ्य परिदृश्य को पूरी तरह बदल देगा। नगर पंचायत अध्यक्ष नई लेदरी वीरेन्द्र राणा ने कहा कि आज एमसीबी जिले के लिए यह गर्व का क्षण है। राज्य सरकार ने जो विश्वास और विकास की परंपरा स्थापित की है, उसका प्रमाण यह अस्पताल है। यह न केवल बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा बल्कि हमारे युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर भी लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री ने जिस समर्पण से जनसेवा को प्राथमिकता दी है, वह राज्य के सुनहरे भविष्य की दिशा तय कर रहा है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज आमाखेरवा, मनेंद्रगढ़ की पावन भूमि पर 35 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से 220 बेड के अत्याधुनिक सिविल अस्पताल का शिलान्यास किया गया है। इसके साथ ही 1 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय भवन के निर्माण का भी शिलान्यास संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं आप सबका परिवार का सदस्य हूं, इस बड़े परिवार का हिस्सा हूं, और मैं आप सबसे यह वादा करता हूं कि आप लोगों के सामने मै कभी झूठ नहीं बोलूंगा। आज मुझे अपार खुशी है कि मनेंद्रगढ़ में यह भव्य सिविल अस्पताल आपलोगों के आकार लेगा, जो आने वाले समय में पूरे जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज साजा पहाड़ रोड का कार्य प्रारंभ हो गया है, वहीं रेलवे परियोजना का टेंडर कार्य भी अगले एक-दो महीनों में शुरू होने वाला है। साथ ही उन्होंने जिलेवासियों को एक और बड़ी सौगात की जानकारी दी कि 363 करोड़ रुपये की लागत से परसगढ़ी में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन बहुत जल्द किया जाएगा, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्दारा राज्योत्सव के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से करेंगे। यदि प्रधानमंत्री के करकमलों से यह संभव नहीं हो सका, तो इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 से 15 नवंबर के मध्य करेंगे। मंत्री जायसवाल ने कहा कि मेरे लिए जितना प्रिय मनेंद्रगढ़ है, उतना ही प्रिय चिरमिरी, खड़गवां और भरतपुर भी हैं। उन्होंने बताया कि भरतपुर में 100 बेड का अस्पताल, खड़गवां में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी में हॉर्टिकल्चर एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज, और खड़गवां में एग्रीकल्चर संस्थान की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही भरतपुर-सोनहत क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और विकास दोनों को गति मिलेगी। मंत्री ने कहा कि उनके क्षेत्र की 50 पंचायतों में 94 डामर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं सोनहत, रामगढ़ और जनकपुर क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का जाल बिछाया जाएगा, जिससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

> **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदृष्टि से मनेंद्रगढ़ बनेगा आदर्श जिला यहां उद्योग, सड़क और विकास की खुलेंगे नई राह**

उन्होंने बताया कि गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र, सोनहत-भरतपुर में केवई नदी को हसदेव नदी से जोड़ने का कार्य भी किया जाएगा, जो सिंचाई और जल संरक्षण की दिशा में क्रांतिकारी कदम होगा। उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी में 1 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से अमृत मिशन के अंतर्गत विकास कार्य प्रारंभ होंगे। इसके साथ नालंदा परिसर, छठ घाट, सिद्ध बाबा मंदिर तक जाने वाले मार्ग का निर्माण, पेयजल व्यवस्था, फिजियोथेरपी अस्पताल एवं मेंटल हॉस्पिटल जैसी सुविधाएं भी जल्द ही शुरू होंगी। मंत्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मनेंद्रगढ़ को आदर्श जिला बनाने का संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले विकास के अभाव में यहां के लोग पलायन करने को विवश थे, पर अब जिले में उद्योगों की स्थापना कर रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने उद्योगपतियों से जिले में निवेश करने की अपील करते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब निवेश, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए नई पहचान बनेगा। अपने उद्बोधन के अंत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदृष्टि और जनसेवा के संकल्प का परिणाम है कि आज 28 करोड़ वर्ष पुराने 'गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क' का भी निर्माण कराया जा रहा है, जो न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा बल्कि पर्यटन और शोध के क्षेत्र में भी जिले को नई पहचान देगा। मंत्री जायसवाल के इस प्रेरक उद्बोधन ने जनसमूह में उत्साह और गर्व का संचार किया तथा यह विश्वास जगाया कि एमसीबी जिला अब स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और विकास के हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए तैयार है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, जनपद अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो, नगर पालिका पार्षद सुशीला सिंह, स्वप्निल सिंह, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रतिमा पटवा, नगर निगम सभापति संतोष सिंह, लखन लाल श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष, द्वारिका जायसवाल, आशीष मजूमदार महामंत्री, प्रवीन सिंह जिला महामंत्री, आशीष सिंह जिला उपाध्यक्ष, राहुल सिंह कोषाध्यक्ष, एसडीएम लिंगराज सिदार, जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, तहसीलदार सुश्री श्रुति धुर्वे, डॉ. अविनाश खरे सीएमएचओं, संतोष सोनी सीजीएमएससी, डॉ.राजेन्द्र राय सिविल सर्जन जिला अस्पताल, डॉ. स्वप्निल तिवारी 220 बिस्तर सिविल अस्पताल के अधिक्षक, डॉ. एसएस सिंह बीएमओ मनेन्द्रगढ़, डॉ. मनीष बीएमओ खड़गवां, अविनाश पाण्डेय आर.एम.ए, संतोष सिंह, सोमेन्द्र मण्डल सीएचसी, संतोष नायक बीपीएम, धनीराम यादव सीजीएमएससी इंजीनियर, रवीद्र सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक, दीपक चौधरी, राजकुमार राजवाड़े बीपीएम खड़गवां, जीतेन्द्र सेन सहायक ग्रेड-1 और सौरव सिंह उपस्थित थे।

## बसवाही की टमाटर महाराष्ट्र की रसोई तक पहुंची



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड के ग्राम बसवाही की श्रीमती जयवती आज क्षेत्र की उन प्रेरक महिलाओं में शामिल हैं, जिन्होंने मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर अपनी पहचान बनाई है। जयवती ने बताया मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि कोरिया की धरती पर उगाई गई टमाटर महाराष्ट्र तक पहुंचेंगी, लेकिन यह सच है। जयवती 'चमेली स्व सहायता समूह' से जुड़ी हैं और अपने पति गोपाल चेरवा के साथ मिलकर तीन एकड़ भूमि में टमाटर की खेती करती हैं। उनके पति धान की खेती के साथ-साथ अन्य कृषि कार्यों में भी उनका सहयोग करते हैं। जयवती बताती हैं कि टमाटर की पैदावार अच्छी होने से अब उनकी उपज बिलासपुर, रायपुर से लेकर महाराष्ट्र तक पहुंच रही है। सालभर में करीब तीन लाख रुपये की आमदनी से परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने बताया कि उनके दो बच्चे हैं बेटी कक्षा छठवीं में और बेटा कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत है। अब वे बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए पूरी निष्ठा से सहयोग करने का संकल्प रखती हैं। निश्चित ही श्रीमती जयवती जैसी महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बन रही हैं।

## गोविंदपुर सहित पाँच ग्रामों में श्रमदान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कोरिया के ग्राम गोविंदपुर सहित पाँच ग्रामों में (वॉटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट) के सह-संस्थापक पिता हरमन बखर की 101वीं जयंती के अवसर पर श्रमदान दिवस का आयोजन बड़े हर्ष और उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम केवल गोविंदपुर में ही नहीं, बल्कि आसपास के मुरमा, डोंगरीपारा, गोविंदपुर, नरकेली और झरनापारा गांवों में सामूहिक रूप से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कुल 452 से अधिक ग्रामीण प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत भवन परिसर में सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान से हुई, जिसके अंतर्गत सफाई कार्य किया गया। इसके बाद प्रतिभागियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया, जिससे ग्राम में हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। साथ ही सामूहिक प्रयास से बोरी बंधान एवं लूज बोल्डर संरचना कार्य भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे जल संरक्षण और भूमि सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल दर्ज हुई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वॉटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्यों से ग्रामों में सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। ग्रामवासियों ने वॉटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संस्था के निरंतर प्रयासों की सराहना की। ग्राम पंचायत के सर्पंच एवं पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर ग्रामीणों को श्रमदान और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। सर्पंच ने कहा कि, श्रमदान दिवस केवल सफाई या वृक्षारोपण का प्रतीक नहीं, बल्कि यह ग्रामवासियों के एकजुट होकर विकास में भागीदारी का प्रतीक है। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक अंशुल सिंह ने कहा कि, वॉटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट का प्रयास है कि भविष्य में भी श्रमदान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों में सामूहिक भागीदारी बढ़े और समुदाय अपने संसाधनों के संरक्षण एवं विकास में अग्रणी भूमिका निभाए। आने वाले समय में हम इस पहल को और विस्तारित करने का प्रयास करेंगे ताकि गाँवों में स्थायी विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त हो सकें। समापन सत्र में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे आगे भी अपने ग्राम को स्वच्छ, हरा-भरा और विकसित बनाने के लिए ऐसे सामूहिक प्रयास जारी रखेंगे। यह आयोजन समुदाय विकास, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम एकता की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण साबित हुआ।

## युवाओं को मतदान से जोड़ने की पहल-उच्च शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शुरू

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के तहत राज्य में मतदाता जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षण संस्थानों में विविध अकादमिक एवं रचनात्मक गतिविधियों की शुरुआत की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जिले में दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में विद्यार्थियों के बीच लोकतंत्र की भावना को सशक्त बनाने हेतु परिचर्चा, निबंध लेखन एवं नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

परिचर्चा का विषय है लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीति -क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे हैं? निबंध प्रतियोगिता का विषय लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका। इसके अलावा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रासंगिक विषयों पर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य प्रतियोगिताएं भी संस्थान की सहमति से आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों को मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले प्रेरक नारे तैयार करने होंगे जैसे कि मतदाता सूची में ऑनलाइन नाम दर्ज करवाने हेतु प्रेरक नारा, मतदान करने के लिए प्रेरक नारा, भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतदान को प्रोत्साहित करने वाले नारे। प्रतिभागियों को अपने नारे को बोलते हुए 15 से 30 सेकंड का वीडियो बनाकर 1 से 15 अक्टूबर के बीच सोशल मीडिया प्लेटफार्मो फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर पोस्ट करना होगा।

## छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु पालकों एवं शिक्षकों के मध्य संवाद के लिए पालक शिक्षक बैठक का आयोजन





**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के तहत , कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी जी के निर्देशन ,जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय के मार्गदर्शन एवं संस्था के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता के नेतृत्व में एवं शाला एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी की अध्यक्षता में 13 अक्टूबर को मुख्य अतिथि श्रीमती नमिता शिवहरे (अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद बैकुंठपुर) शिल्पा गुप्ता पार्षद, श्रीमती साधना जायसवाल पार्षद, उपस्थिति में आयोजित किया गया

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र में दीप प्रज्वलन कर, छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता कहा कि किसी भी छात्र को सफल बनाने में जितनी भूमिका एक शिक्षक की होती है उतनी ही अहम भूमिका उसके पालक की होती है प्रत्येक पालक को चाहिए कि वह अपने बच्चे को घर पर एक ऐसा वातावरण दे जिससे हर बच्चे स्वस्थ मन, मस्तिष्क एवं पूरी ऊर्जा और लगन के साथ अध्ययन कर सके और उनका सर्वांगीण विकास हो सके। बैठक में शासन द्वारा निर्धारित मुद्दों पर विभिन्न शिक्षकों द्वारा पालक से चर्चा किया गया जिसमें छात्र दिनचर्या, विषय पर साहिस्ता अंजुम अली मैडम ने कहा कि छात्र जीवन में सबसे महत्वपूर्ण उनकी दिनचर्या ही जिसका विशेष ध्यान पालकों को रखना चाहिए बच्चे ने आज क्या सीखा, विषय पर श्रीमती कविता सोनवानी मैडम ने कहा कि प्रत्येक पालक विद्यालय के बाद बच्चों से जरूर बात करे कि विद्यालय में उन्होंने क्या किया ,उन्हें आज विद्यालय में सबसे रूचिपूर्ण विषय क्या लगा, आज उन्होंने विद्यालय से नया क्या सीखा

उनकी अकादमिक प्रगति और परीक्षा, विषय पर श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा मैडम पालक से बातचीत करते हुए बताया कि प्रत्येक पालक को अपने बच्चों के हर परीक्षा परिणाम का भी अवलोकन करना चाहिए जिससे पालक को अपने बच्चों के एकेडमिक प्रोगेस पता चलता रहे। बच्चा बोलेगा बेझिझक, विषय पर ज्योति पी जे नायर ने कहा कि हर बच्चे को संस्था में आयोजित हर कार्यक्रम में भागीदारी लेनी चाहिए जिससे हर छात्र बिना किसी झिझक के किसी विषय पर बात कर सकेगा और बच्चों का पालक और शिक्षक के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सकेगा। बस्ता रहित शनिवार, विषय पर सायरा बानो मैडम ने कहा कि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर शासन के निर्देशानुसार हर शनिवार को बच्चे बिना बस्ता के स्कूल आते है और हर शनिवार एक रोचक नवाचार की थीम पर शिक्षक और बच्चे मिलकर अनेक गतिविधियों पर कार्य करते है।

## सड़क पर पत्नी का बर्थडे सेलिब्रेट करना पड़ा भारी

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** जिले में, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव और स्थानीय भाजपा नेता राजेंद्र दास के खिलाफसड़क पर अपनी पत्नी का जन्मदिन मनाने के मामले में पुलिस ने एफ्आईआर दर्ज कर ली है। यह मामला गुरुवार रात का बताया जा रहा है, जहां चिरमिरी क्षेत्र में राजेंद्र दास ने एक व्यस्त सड़क पर लग्जरी कार को बीच में खड़ा कर दिया। कार के बोनट पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और जमकर आतिशबाजी भी की गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया। गौरतलब है कि सार्वजनिक सड़कों पर इस तरह के आयोजनों पर हाई कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की है और कई मामलों में कड़ा रुख अपनाया है। इसके बावजूद, सड़क पर सेलिब्रेशन का यह सिलसिला जारी है, जिसने कानून के उल्लंघन को उजागर किया है। इस घटना को लेकर विपक्षी दल कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो शेयर करते हुए भाजपा नेता और मंत्री के निज सचिव पर निशाना साधा।

## जिगर की राजनीति-ननकीराम कंवर की मुखरता और सत्ता से टकराने का साहस



**कोरिया बैकुंठपुर।** राजनीति में उम्र बढ़ने के साथ अक्सर लोगों की ऊर्जा घटती जाती है, परंतु कुछ नाम ऐसे भी हैं जो उम्र के इस पड़ाव में और अधिक मुखर, सशक्त और निर्भीक हो उठते हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व केबीनेट मंत्री ननकीराम कंवर उन्हीं में से एक हैं। हमें नहीं मालूम कि उनके द्वारा लगाए जा रहे आरोपों में कितनी सच्चाई है, लेकिन इस आयु में, जिस तेवर और निडरता के साथ वे शासन-प्रशासन के खिलाफ लगातार बयान, पत्राचार और आंदोलन कर रहे हैं वह नई पीढ़ी के नेताओं के लिए एक जीवंत उदाहरण है।

संभव है कि कोई कहे यह मीडिया में सुर्खियाँ बटोरने या व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा की कोशिश हो, कोई कहे उनके दल ने हाशिए में रखा हो, लेकिन अपने ही दल की सरकार के खिलाफ खुलकर बोलना और सवाल उठाना भी किसी जिगर वाले इंसान का ही काम होता है।

ननकी राम कंवर, आदिवासी समाज से आते हैं, पर जिन लोगों ने अब भी इस समाज को कमज़ोर या अनपढ़ मान रखा है, उनके लिए यह एक स्पष्ट संदेश है कि अब कोई भी वर्ग मौन रहने वाला नहीं है। कंवर का यह रुख बताता है कि आज आदिवासी समाज न केवल राजनीतिक रूप से सजग है, बल्कि वह व्यवस्था के भीतर अन्याय या भ्रष्टाचार को खुलकर चुनौती देने का माद्दा रखता है। एक समय ऐसा भी माना था जब सवर्ण जाति के नेता ही सत्ता के खिलाफ बोलने का साहस करते थे। लेकिन अब राजनीति के रंग बदले हैं। छत्तीसगढ़ में ओबीसी वर्ग से आने वाले किसान नेता चन्द्रशेखर साहू, धनेंद्र साहू, ताराचंद साहू, चरण दास महंत, अजय चंद्राकर और सवर्ण समाज से विद्याचरण शुक्ल, वीरेंद्र पांडे, पवन दीवान, टीएस सिंहदेव, मोहम्मद अकबर, तरुण चटर्जी, बृजमोहन अग्रवाल जैसे नेताओं ने कई बार अपने ही दल की सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने शासन की नीतियों पर सवाल उठाए, गलतियों की आलोचना की और कई बार इसके कारण राजनीतिक नुकसान भी उठाया। फिर भी, उन्होंने अपने सिद्धांतों और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। कंवर, की मुखरता उसी परंपरा की नई कड़ी है जहाँ नेता सत्ता से बड़ा होता है और सच्चाई सबसे ऊपर। आज प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में अनेक मामलों की जांच सीबीआई, ईडी और ईओडब्ल्यू जैसी एजेंसियों तक पहुँच चुकी है। इनमें से कई मामलों की पहल भी ननकीराम कंवर द्वारा ही की गई थी। उन्होंने उन मुद्दों पर भी आवाज उठाई, जिन्हें कई बड़े नेता, अधिकारी टाल जाना ही बेहतर समझते हैं। आज अनेक विभागों में भ्रष्टाचार शिष्टाचार का हिस्सा बन चुका है। पारदर्शिता के तमाम उपायों के बावजूद कुछ अधिकारी-कर्मचारी 'माल कमाने' की कला में पारंगत हो चुके हैं। नैतिकता और नीति पर भाषण देने वाले कई लोग निजी जीवन में उन्हीं मूल्यों का उपहास कर रहे हैं। पान दुकानों, चाय की टपरियों और सोशल मीडिया के स्टेटस में नैतिकता का प्रचार करने वाले ही अब 'भंडारे' और 'धर्म-दान' के जरिए अपने कृत्यों पर पर्दा डाल रहे हैं। ननकी राम कंवर जिस पृष्ठभूमि से आते हैं, जिस संघर्ष और सामाजिक धरातल से ऊपर उठे हैं, उससे यह उम्मीद नहीं थी कि वे इस उम्र में भी इतनी ऊर्जा और निर्भीकता के साथ सक्रिय रहेंगे। पर वे आज भी उतनी ही स्पष्टता और ईमानदारी से बोलते हैं, जितनी उनसे युवा पीढ़ी के नेताओं को सीखने की ज़रूरत है। उनका तेवर हमें यह याद दिलाता है कि राजनीति केवल सत्ता पाने का साधन नहीं यह समाज और व्यवस्था के प्रति नैतिक उत्तरदायित्व भी है। आज जब अधिकांश नेता सुविधा, पद और प्रोटोकॉल के दायरे में बंध चुके हैं, ननकीराम कंवर जैसे कुछ चेहरे अब भी हमें यह भरोसा दिलाते हैं कि सच्चाई बोलने का साहस, भले ही अकेले ही क्यों न करना पड़े, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। ननकीराम कंवर की मुखरता, नई पीढ़ी के नेताओं के लिए केवल चेतावनी नहीं प्रेरणा है। सत्ता से टकराना आसान नहीं होता,जब समाज हित, राज्यहित ईमानदारी से आवाज देती है, तो आदमी खुद सत्ता से बड़ा हो जाता है।

## महाविद्यालय में आयुर्वेद संगोष्ठी

**एमसीबी।** बीएड महाविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव एवं हर दिन हर घर आयुर्वेद के तृतीय चरण के अंतर्गत एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. पूर्णिमा सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य में आयुर्वेद की भूमिका पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# धूल, धुआं और राख से बोझिल हो रही कोरबा क्षेत्र के लोगों की सांसें

### नोटिस और पेनाल्टी तक सिमटा पर्यावरण संरक्षण मंडल

**कोरबा।** औद्योगिक नगर कोरबा, जहां ऊर्जा उत्पादन की पहचान है, अब वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बिजली घरों की ऊंची चिमनियों से निकलने वाला धुआं, कोयला खदानों की डस्ट और लगातार बढ़ते मालवाहक वाहनों से उठता धूल का गुबार इन सबने शहर की हवा को भारी और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बना दिया है।

कोरबा जिले में कोयला परिवहन के साथ-साथ सीमेंट, फ्लाई ऐश और अन्य औद्योगिक सामग्री के ट्रक और डंपर चौबीसों घंटे सड़कों पर दौड़ते रहते हैं। इससे सड़क किनारे बस्तियों और बाजारों में हवा में धूल का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर, एनटीपीसी, सीएसईबी, बालको और कई निजी बिजली संयंत्रों में बिजली उत्पादन के बाद निकलने वाली राख (फ्लाई ऐश) भी प्रदूषण की बड़ी वजह बन चुकी है। हवा के तेज बहाव में यह राख आसपास के गांवों और



कॉलोनियों तक फैल रही है। फ्लाई ऐश का सुरक्षित निपटान करने की जो व्यवस्थाएं की गई हैं, वे अक्सर पर्याप्त साबित नहीं हो रही हैं। कई बार राख भंडारण तालाबों से उड़कर खेतों और घरों तक पहुंच जाती है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह स्थिति यूं ही बनी रही तो आने वाले वर्षों में कोरबा के लिए स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी संतुलन, दोनों के लिए गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा समय-समय पर उद्योगों को नोटिस और जुर्माने तो लगाए गए हैं, लेकिन इन कार्रवाइयों का वास्तविक असर अब तक दिखाई नहीं दे रहा है। उद्योग प्रबंधन की मनमानी और लापरवाही के चलते कोरबा की हवा में जहर घुलता जा रहा है।

### लगातार बढ़ रहे श्वसन रोगी जिले में

इन प्रदूषकों के निरंतर संपर्क में आने से श्वसन संबंधी रोगों जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और एलर्जी की शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। स्थानीय अस्पतालों में सांस की तकलीफ और फेफड़ों की बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

## परसापाली में कंबल वितरण

**कोरबा।** भामसं के दत्तोपंत ठेंगरी के पुण्यतिथि के अवसर पर बीकेकेएमएस के कार्यकर्ता अलग-अलग कार्यक्रम कर रहे हैं। परसापाली में जाकर आज कोरबा, कुसमुंडा बीकेकेएमएस के कार्यकर्ताओं ने कंबल वितरण किया। इस दौरान हिरेंद्र चंद्रा, रंजय सिंह, अमिया मिश्रा, राहुल वर्मा, बाबूलाल चंद्रा, संजय सिंह, ललिंद्र पवार, मिनीलाल साहू, शैलेंद्र सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी तरह गेवरा-दीपका बीकेकेएमएस के कार्यकर्ताओं ने सपलवा में जाकर दवाईयों का वितरण किया। इस दौरान रामनारायण साहू, रमेश गुरुद्वान, मदन सिंह, प्रीतम राठौर, विरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार, बाबू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। बीकेकेएमएस के कार्यकर्ता प्रत्येक वर्ष दत्तोपंत ठेंगरी के पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं।

## सामान्य सभा में समस्याओं पर होगी चर्चा

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरीकला में 16 अक्टूबर को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सभी पार्षद अपनी समस्याओं को नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन के सामने रखेंगे। प्रत्येक वार्डों में कई समस्याएं हैं। खासकर रोड कई स्थानों पर टूटी हुई है। कांक्रीटीकरण का कार्य किया जाना है। पाइप लाइन विस्तार कार्य भी किए गए हैं। इसी तरह विद्युत की समस्या यहां बनी हुई है। कई स्थानों पर खंभा लगाने के लिए कहा जाएगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, क्रांति श्रीवास, कौशिल्या बिंझवार, सुभाष जोशी, श्याम लाल साहू, नमिता यादव, संगीता यादव अदि मौजूद रहेंगे।

## ऑटो चालकों की मनमानी से हो रही परेशानी

**कोरबा।** सरकार के द्वारा प्रदूषण कम करने के लिए ई व्हीकल पर जोर दिया जा रहा है। इसके बावजूद कोरबा जिले में ई ऑटो रिक्शा चालकों के सामने परेशानी है। नगर पालिका निगम के द्वारा उनकी मांग पर तीन जगह ऑटो स्टैंड की व्यवस्था दी गई लेकिन पेट्रोल और डीजल ऑटो चलाने वाला वर्ग मुश्किल पैदा कर रहा है।। इस मामले को लेकर ई रिक्शा ऑटो चालक संगठन के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** पाली क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली। चैतमा चौकी अंतर्गत एक युवक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पुल के पिलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत डायल 112 व स्थानीय पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोरबा जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसे अब पुलिस प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। खासकर हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आये दिन जानलेवा घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस ने कई बार स्पीड कंट्रोल के लिए चेतावनी और संकेत लगाए हैं, लेकिन हादसों पर लगाम नहीं लग पा रही है।

## नोनदरहा में अचानक धमके दंतैल ने मवेशी पर किया हमला, मौत

**कोरबा।** कटघोरा के बाद अब कोरबा वनमंडल में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। यहां कोरबा व करतला रेंज में दो अलग-अलग समूहों में हाथी गेरांव तथा घोटमार जंगल में विचरण कर रहे हैं।

हाथियों के के दोनों दल ने यहां उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में धान की फसल को चौपट कर दिया। वहीं रायगढ़ जिले के छाल रेंज से एक दंतैल हाथी अचानक करतला रेंज के नोनदरहा गांव में धमका और यहां के निवासी निरंजन प्रसाद कंवर नामक ग्रामीण के बैल पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीण ने अपने बैल को पुरानाडीह टिकरा नामक स्थान पर बांध रखा था जो नोनदरहा जंगल के कक्ष क्रमांक पीएफ-1154 से लगा हुआ था। एक नर हाथी रात ढाई बजे के लगभग वहां पहुंचा और बैल पर हमला करने के साथ सूंड व पैर से कुचलकर तथा घसीटकर मार डाला। बैल के मालिक को सुबह जानकारी होने पर उसने वन विभाग को सूचित किया जिस पर वन अमला आज सुबह मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्यवाही की और पशु चिकित्सक को बुलाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद मृत देह को मवेशी के मालिक को सौंप दिया। दंतैल हाथी यहां मवेशी को मौत के घाट उतारने के बाद सुबह होने से पहले वापस छाल रेंज के महराजगंज परिसर की ओर लौट गया। इस बीच कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के सेमरहा क्षेत्र में विचरणरत 54 हाथियों का दल बीती रात सेमरहा व गाड़ागोड़ा में 10 ग्रामीणों की फसल को रौंदने के बाद बनिया गांव के खड़ियापारा पहुंच गया। हाथियों का दल वर्तमान में इसी स्थान पर है जिसकी निगरानी वन विभाग द्वारा की जा रही है।

## रुपए मांगने और प्रताड़ित करने पर विवाद, डीपीओ की छुट्टी

**कोरबा।** आखिरकार महिला बाल विकास विभाग के संचालक ने एक आदेश जारी कर कोरबा जिले की डीपीओ रेणुप्रकाश की छुट्टी कर दी। कुछ महीने पहले उनका बीजापुर स्थानांतरण हुआ था जिसके बाद भी वे जमी हुई थी। इस बीच अवैध वसूली और अधीनस्थों को प्रताड़ित करने के मामले ने उन्हें विवादित कर दिया। विभागीय मंत्री और सचिव तक बात पहुंची तो मुश्किलें बढ़ गई।

विभाग के संचालक एल्मा कुजूर द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत डीपीओ को एकतरफा कोरबा से कार्यमुक्त कर दिया गया। बीडब्ल्यूसीडीओ गजेंद्र सिंहदेव को उनका चार्ज दिया गया है। अब यहां अगले डीपीओ की प्रतीक्षा की जा रही है। कर्मियों की निगाहें इस पर टिकी है कि सरकार किस अधिकारी को कोरबा भेजने में रूचि दिखाता है। याद रहे हाल में ही परियोजना अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान डीपीओ का कोरबा ग्रामीण पीओ ममता तुली से विवाद हो गया था। खबर है कि एक अधीनस्थ कर्मी शिव शर्मा के जरिए 50 हजार रुपए की मांग की गई और अभद्र भाषा का उपयोग भी किया गया। तीन पेज में कई कारनामों की शिकायत विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ-साथ मुख्यमंत्री तक की गई थी।

## माइंस रेस्क्यू कंप्टीशन में दिखाया कौशल, ऋषभ पुरस्कृत

**कोरबा।** एसईसीएल की 54वीं इंटर एरिया माइंस रेस्क्यू कंप्टीशन का आयोजन मध्यप्रदेश के जमुना-कोतमा क्षेत्र में किया गया। कुल 11 टीमें इसमें शामिल हुईं। एसईसीएल व डीजीएमएस ने मिलकर इसका आयोजन किया। सोहागपुर क्षेत्र ने प्रतियोगिता में बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कोरबा क्षेत्र दूसरे स्थान पर रहा। कोरबा क्षेत्र के ऋषभ सिंह को इस वर्ष पुनः एसईसीएल में सर्वश्रेष्ठ रेस्क्यू प्रशिक्षित व्यक्तिगत सम्मान मिला।

माइंस रेस्क्यू कंप्टीशन में सुरक्षा, सतर्कता, तत्परता से लेकर प्रत्युत्पन्नमति के साथ निर्णय लेने की क्षमता जैसे पहलू शामिल किए गए। इस आधार पर टीमों ने प्रदर्शन किया। मुख्य निर्णायक की भूमिका विपुल बिहारी सटियार, निदेशक (खान बचाव, रायगढ़ रीजन) ने निभाई। निर्णायक मंडल में केएम थिरुपति, उप निदेशक, परासिया क्षेत्र, के. जीवन कुमार उप निदेशक, वाराणसी क्षेत्र, भुक्या भदरु उप



निदेशक, बिलासपुर क्षेत्र-1, शेख गुलाब उप निदेशक, रायगढ़ क्षेत्र और चिर्रा श्रीनिवास उप निदेशक, जबलपुर क्षेत्र रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे रामावतार मीना, उप महानिदेशक (पश्चिमाचल, नागपुर), जबकि अध्यक्षता एसईसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने की। विशिष्ट अतिथि नीरज कुमार, उप महानिदेशक (उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद) उपस्थित थे। कार्यक्रम की मेज़बानी जमुना-कोतमा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ से लेकर समापन तक कई परंपराएं निभाई गई। सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि हमने कार्यक्षेत्र में सुरक्षा को महत्व दिया है और इस पर काम किया जा रहा है। इएक स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

## पीएम आवास बनाने के बाद तोड़ने की धमकी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत कोरबा जिले के बालको नगर के नजदीक गांव में कुछ लोगों के लिए आवास स्वीकृत किया गया और लोगों ने निर्माण भी कर लिया। अब ग्राम पंचायत का कहना है कि सरकारी जमीन पर आवास बनाया गया है इसलिए इसे तोड़ा जाएगा। ग्राम पंचायत के नोटिस मिलने से परेशान लोगों ने कलेक्टर जन दर्शन में इसकी शिकायत की। उन्होंने कहा है कि हमारे हितों की रक्षा की जाएं।

## बरेठ समाज चलाएगा सदस्यता अभियान

**कोरबा।** पिछले दिनों बरेठ समाज की बैठक दीपका में आयोजित की गई। जिसमें सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष मिलापराम बरेठ ने बताया कि समाज के भीतर कई आडंबर है। उनको दूर करने का प्रयास होगा। खासकर सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोग भारी संख्या में पहुंच जाते हैं। इनको सीमित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा व्यक्ति की मौत होने पर कफन ले जाने की परंपरा रही है। इस परंपरा पर भी विचार किया जा रहा है। बैठक में सुरेश कुमार बरेठ, डिगंबर कर्ष, लालचंद बरेठ, चैतराम, रामनारायण निर्मलकर, प्रदीप सोनसर्वा, नंदकुमार सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीतामढ़ी में भक्ति गीतों का जादू चला श्रोताओं पर

**कोरबा।** सीतामढ़ी चौक में दुर्गा उत्सव समिति सीतामढ़ी के द्वारा भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। देवी जागरण में छत्तीसगढ़ के मशहूर गायक देवेश शर्मा के ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति में भजन की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने अपने भजन और गीत के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को झुमने को विवश कर दिया। इस दौरान यहां कई नजारे देखने को मिले। भक्ति जागरण के पश्चात लोगों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।



## दीपका खदान से रोलर चोरी के मामले में एक आरोपी पकड़ाया

**कोरबा।** दीपका खदान क्षेत्र में सोमवार 13 अक्टूबर की सुबह करीब 10.30 बजे दीपका माइंस के 15 नंबर बेल्ट के पास से दो संदिग्ध व्यक्ति 2 नग लोहे के रोलर को चोरी कर भाग रहे थे। उसी समय ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ जवानों की नजर उन पर पड़ी। जवानों ने पीछा करते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सुख सिंह पिता मदन सिंह सिरकी निवासी , बताया है। वहीं फरार आरोपी का नाम मनहरण सिंह बताया गया है। चोरी गए दोनों रोलर की कीमत 14,000 रुपये बताई गई है। घटना की जानकारी मिलने पर दीपका पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि फरार आरोपी की तलाश जारी है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## एसकेएमएस कार्यकर्ताओं को संघर्ष करने आह्वान




**कोरबा।** दीपका एरिया के नए अध्यक्ष जीत सिंह व महामंत्री विनोद यादव ने एसकेएमएस कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा है कि दीपका क्षेत्र में कोयला कामगारों के सभी काम होने चाहिए। विभागों में जाकर उनसे मुलाकात करें और समस्याओं के संबंध में जानकारी लेवें। इस क्षेत्र के कामगार लगातार अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालय का चक्कर लगाते रहते हैं। अब इनकी सभी समस्याएं दूर की जाएगी। उन्होंने सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि इस बार एसकेएमएस के सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी होगी।

## महिला मोर्चा और भाजयुमो की कमान के लिए लॉबिंग

**कोरबा।** भाजपा महिला मोर्चा व युवा मोर्चा में जिलाध्यक्ष बनने के लिए जोर आजमाईश शुरू हो गई है। दावेदार रायपुर तक पहुंचने लगे हैं। लेकिन संगठन का कहना है कि लॉबिंग और एप्रोच से हटकर हमारी नजर कार्यकर्ताओं पर है। क्षमता और जमीनी स्तर पर काम कर पाने में सक्षम कार्यकर्ताओं को ही अवसर दिए जाएंगे।

भाजपा में पूर्व अध्यक्ष मनोज शर्मा को हटाने के बाद गोपाल मोदी को जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी बनाने के साथ दिखा दिया कि एकतरफा खेल नहीं चलेगा। काम के लोगों को ही महत्व दिया जाएगा, बाकी नेतृत्व के साथ मिलकर काम करेंगे। अभी तक जिलाध्यक्ष पद के लिए प्रतिभा सोनवानी, बुधवारा देवांगन, शैल राठौर, स्वाति कश्यप के नाम सामने आए हैं। पिछले दिनों महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का कोरबा आगमन हुआ था। इस दौरान उनका प्रतिभा सोनवानी, अभिलाषा वर्मा, प्रीति स्वर्णकार, वैशाली रत्नपारखी, किरण मरकाम सहित कई महिलाओं के द्वारा स्वागत किया गया। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज भी कोरबा आने वाले थे। लेकिन वे अब दिवाली के बाद कोरबा का दौरा करेंगे। उनके स्वागत के लिए सुभाष राठौर, मुकेश कौशिक, जय गर्ग, किशन केशरवानी, साकेत शर्मा, संजय मानिकपुरी, दिव्यांश अग्निहोत्री, भूपेंद्र साहू के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## बालको ने जीता रन फॉर जीरो हंगर का खिताब

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट टीम भावना और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए वीडीएचएम 'रन फॉर जीरो हंगर' चैलेंज 2025 का खिताब जीत लिया। इस वर्ष बालको ने लगातार चौथी बार यह ट्रॉफी अपने नाम की, जिससे समूह के भीतर बालको की फिटनेस, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समर्पण की भावना पुनः प्रदर्शित हुई।

12 अक्टूबर तक चले इस अभियान में बालको ने कुल 15,93,142 किलोमीटर की दूरी तय की। वेदांता समूह की सभी व्यावसायिक इकाइयों में बालको इस वर्ष भी शीर्ष स्थान पर रहा। दिल्ली में आयोजित भव्य समापन समारोह में बालको को ट्रॉफी प्रदान की गई। वेदांता समूह के 'रन फॉर जीरो हंगर' अभियान का उद्देश्य है कर्मचारियों द्वारा तय किए गए प्रत्येक किलोमीटर के बदले जरूरतमंद




बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना। इस वर्ष वेदांता समूह ने तय 5 मिलियन किलोमीटर के लक्ष्य को हासिल किया।

लगभग दो महीनों तक चले इस अभियान में बालको के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, व्यावसायिक साझेदारों और समुदाय के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किया, बल्कि सामूहिक प्रयास और समाजसेवा की भावना को भी सशक्त किया। प्राप्त ट्रॉफी को बालको परिवार की मेहनत का परिणाम बताते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि लगातार चौथी बार वीडीएचएम चैलेंज में विजेता बनना हमारे बालको परिवार की प्रतिबद्धता और एकजुटता का प्रमाण है। इस वर्ष 1.5 मिलियन से अधिक किलोमीटर की दूरी करना समुदाय की भलाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। फिटनेस के साथ समाजसेवा को जोड़ने का यह प्रयास हमारे स्वास्थ्य प्रथम दृष्टिकोण को और मजबूती प्रदान करता है।

समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के समाज को वापस देने की भावना के अनुरूप, जुटाए गए भोजन को भारत के 14 राज्यों में संचालित लगभग 6,500 नंद घरों के बच्चों तक पहुँचाया जाएगा। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित यह पहल बाल विकास, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास है। बालको का यह चौथा निरंतर विजय वर्ष न केवल खेल भावना की जीत है, बल्कि एक स्वस्थ और कुपोषण-मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में कंपनी की सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### सफर के दौरान अनजानों के चक्कर में न आएं, निगरानी तेज

## त्योहारी सीजन में रेलगाड़ियों में भीड़ प्रबंधन ने कहा-यात्री रहे सावधान

**कोरबा।** त्योहारों के दौरान ट्रेनों में भीड़ बढ़ने के साथ कोरबा से विभिन्न मार्गों को जाने वाली ट्रेनें रोजाना पैक चल रही हैं, खासकर दीपावली और छठ पर्व के लिए। ऐसे में स्लीपर और एसी डिब्बों में चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह रात में सफर करता है और महिलाओं को विशेष रूप से निशाना बनाता है।

हालांकि इस क्षेत्र में ऐसे मामले ज्यादा प्रकाश में नहीं आ रहे हैं लेकिन कोरबा के आगे चोरी की घटनाओं ने यात्रियों को चिंतित किया है। ट्रेनों में कई बड़े मामले सामने आए हैं। इन बढ़ती घटनाओं के बाद जीआरपी और



आरपीएफ को अलर्ट मोड पर रखा गया है। रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। यात्रियों से कहा गया है कि वे कीमती सामान खुद संभालें, अंजान लोगों से ज्यादा बातचीत न करें और कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत जवानों को सूचना दें।

कोरबा स्टेशन पर त्योहार के समय रोजाना हजारों की संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। भीड़ और वेटिंग टिकट के चलते यात्रियों का सामान इधर-उधर होता है, जिससे चोर आसानी से काम कर जाते हैं।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com